
हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 11 अक्टूबर 2025



## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान विगत 12 वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहा है। भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एर्जेसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने का खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782. **पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

**इच्छुक छात्र आवेदन करें, अंतिम तिथि : 16/10/2025**




Advt.

**डबल मर्डर:** मृतक पति-पत्नी घर पर थे अकेले, पुलिस जांच में जुटी

# पति-पत्नी की लकड़ी के बत्ते से हत्या भाग रहे आरोपी को ग्रामीणों ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ग्राम सड़क अतरिया में शुक्रवार तड़के उस समय सनसनी फैल गई, जब एक शिक्षक दंपत्ति का लहुलुहान शव उसके ही घर में मिला। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल छा गया। गांव में यह पहली घटना है। जिसमें दंपत्ति को बेरहमी से मारकर मौत के मुंह में ढकेला गया।



मिली जानकारी अनुसार शुक्रवार सुबह लगभग साढ़े 4-5 बजे शिक्षक बाबूलाल सोरी के घर में कुछ गिरने पटकने की आवाज लगातार आ रही थी, जिसे सुनकर कुछ ग्रामीण उसके घर के पास पहुंचे और उन्हें फोन किया, पर फोन किसी ने नहीं उठाया, तब ग्रामीण गहरी आशंका व्यक्त कर शिक्षक के घर अंदर घुसे तो दंग रह गए। आंगन में खून से लथपथ शव पड़ा हुआ था तथा एक युवक को घर के पीछे रास्ता से भागते देखा तो ग्रामीण घेरा बनाकर आरोपी युवक भगवती प्रसाद गोड़ 35 वर्ष को दौड़ाकर पकड़ा। उसे उक्त घटनास्थल पर लाया। घर में दंपत्ति का शव खून से लथपथ पड़ा था। पति बाबूलाल सोरी 55 वर्ष का शव बरामदा में तो पत्नी सुनतिबाई 50 वर्ष का शव आंगन में पड़ा था। बाबूलाल सोरी सरकारी स्कूल भदेरा में शिक्षक है।

ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दिया। कुछ देर बाद पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दिया है। संदेही युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। डाक स्क्वाड एवं फारेंसिक एक्सपर्ट की भी मदद लिया जा रहा है। उक्त घटना की जानकारी होने पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्हन ताम्रकार भी मौके पर पहुंचे तथा पुलिस अधिकारी को मामले की जांच कर त्वरित कार्रवाई करने की बात कही।

### पहले से थी घटना की आशंका

शिक्षक बाबूलाल को ऐसी किसी घटना होने का पहले से आशंका थी। बीते डेढ़ साल में उसके घर में तीन दफा चोरी हो चुकी थी। जिसकी रिपोर्ट वह थाना में किया था। एक दफा चोर ने उसके घर के दरवाजा, पलंग में करंट लगाकर चोरी का प्रयास किया था। उस घटना में शिक्षक की जान जाते-जाते बची थी। मृतक चोर को पकड़ने लगातार पुलिस को गुहार लगा रहा था। उसने इसी वजह से घर में सीसी टीवी लगा रखा था, ताकि सावधानी रखी जा सके।

### एक साथ निकली दंपत्ति की अर्थी

दोपहर तक बाबूलाल सोरी एवं सुनतिबाई सोरी का गंड़ई चिकित्सालय में पोस्टमार्टम कर शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया। शाम को दोनों पति-पत्नी की अर्थी घर से एक साथ निकली। गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार किया गया।

### वारदात के समय घर की बिजली थी बंद

मृतक शिक्षक ने अपने घर में सीसीटीवी कैमरा लगाया हुआ था, पर घटना के समय मृतक के घर का बिजली बंद था। जबकि मोहल्ला में सभी के घर बिजली थी। माना जा रहा है कि आरोपी द्वारा शिक्षक के घर में घुसने से पहले उसके घर का बिजली बंद कर घुसा होगा, ताकि कैमरे में उसकी करतूत न दिख सके। मृतक की तीन लड़की और दो लड़का है। तीनों लड़की की शादी हो गई है। जबकी उसके दोनों लड़के गांव से बाहर रहकर पढ़ते हैं। घटना समय घर में पति-पत्नी ही थे।

### लकड़ी के बत्ता में ताबड़तोड़ वार

*ग्रामीणों द्वारा वारदात को लेकर आशंका जताया जा रहा है कि आरोपी युवक चोरी की नीयत से घर में घुसा था और इसी दौरान दंपति के जग जाने पर घटना को अंजाम दिया है। जानकारी अनुसार आरोपी युवक ने दंपति को मारने के लिए एक लकड़ी का बत्ता का सहारा लिया। बत्ता से दोनों पति-पत्नी के सिर पर एक ही जगह लगातार वार कर मौत के घाट उतार दिया। शव स्थल खून से लथपथ एवं अन्य कमरों में भी खून के छींटे एवं पैर का निशान था। हत्या का स्पष्ट कारण अभी पता नहीं चला है। पुलिस सभी एंगल से जांच पड़ताल कर रही है।*

# पर्यवेक्षक का दौरा पूरा, अध्यक्ष बनने कांग्रेसियों में दिखा जमकर घमासान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कांग्रेस के नए जिला एवं शहर अध्यक्ष के चयन प्रक्रिया के लिए पर्यवेक्षक बनाकर भेजे गए चरण सिंह सपरा का दौरा समाप्त हो गया है। छह दिनों में 9 से अधिक बैठकें और तीन जिलों के नेताओं से मिलने के बाद वे शुक्रवार को लौट गए। पर्यवेक्षक के दौरे में पिछले छह दिनों के दौरान कांग्रेसी नेताओं में अध्यक्ष पद को लेकर जमकर घमासान देखने को मिला।

सूत्रों की माने तो कुछ नेताओं के बीच हालत मारपीट तक पहुंच गए थे। हालांकि सभी की राय सुनने और नेताओं से बात करने के बाद पर्यवेक्षक ने सभी पद के लिए चार-चार नामों का पैनल तैयार कर लिया है। यह पैनल अब एआईसीसी को भेजा जाएगा, जहां से आगे की कार्रवाई होगी। उल्लेखनीय है कि चरण सिंह सपरा 6 अक्टूबर से अविभाजित जिले के दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने विधानसभावार तीनों जिलों के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। अध्यक्ष बनने आवेदन जमा कराए गए।

### अधिवक्ता-पत्रकार और समाजसेवियों से भी मिले

पर्यवेक्षक चरण सिंह सपरा अपने दौरे के अंतिम दिन शुक्रवार को कांग्रेसी नेताओं के अलावा पत्रकार, अधिवक्ता, व्यापारियों के साथ ही समाजसेवियों से भी मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सभी से बेहतर विकल्प को लेकर सवाल भी किए। बताया गया कि इन लोगों की राय को लेकर अलग से रिपोर्ट तैयार की जाएगी, जो भी एआईसीसी को पूरी रिपोर्ट के साथ भेजी जाएगी।

### चिट्ठे भी पकड़ाए

पर्यवेक्षक के दौरे के दौरान नेताओं ने अपना शक्ति प्रदर्शन तो किया है। साथ ही अपने प्रतिद्वंदियों के काले चिट्ठे भी उन्हें उपलब्ध कराए। सूत्रों की माने तो कई नेताओं ने पर्यवेक्षक को दूसरे नेताओं के कारनामों की पूरी जानकारी उपलब्ध कराई। इसके अलावा चुनाव के दौरान उन नेताओं की गतिविधियों एवं सक्रीयता के बारे में भी बताया।

### नेताओं के बीच तनातनी

पिछले पांच दिनों तक चली इस प्रक्रिया के बीच जिले के नेताओं और दावेदारों के बीच जमकर खींचतान और तनातनी की भी खबर है। मोहला में जिले के दो कांग्रेस नेताओं के बीच जमकर विवाद हुआ है। यही हाल राजनांदगांव में भी हुआ। इधर डोंगरगढ़ में विधायक और पूर्व विधायक का खेमा आमने-सामने दिखाई दिया। छुईखदान में भी एक कांग्रेस नेता की दावेदारी के खिलाफ माहौल बना।

### इन नेताओं ने की दावेदारी

राजनांदगांव जिले में अध्यक्ष पद के लिए भागवत साहू, नवाज खान, पंकज बांधव, पदम कोठारी, विष्णु लोधी, रूपेश दुबे ने आवेदन किया है। शहर अध्यक्ष के लिए कुलबीर सिंह छाबड़ा, रमेश डाकलिया, नरेश डाकलिया, जीतू मुदलियार, हफीज खान, अमित चंद्रवंशी, हेमा देशमुख, आसिफ अली ने आवेदन किया है। कांग्रेसी सूत्रों के अनुसार खैरागढ़ जिले का नया कप्तान बनने कोमल साहू, दिनेश यादव, मिहिर झा, उत्तम सिंह, सुनील पांडे, मनराखन देवांगन, रणजीत सिंह चंदेल, कन्हैया बैस और नीलेन्द्र शर्मा ने अपने आवेदन जमए किए है। वहीं वनांचल जिला मोहला-मानपुर में सुरजीत ठाकुर, मनीष निवल, लक्ष्मण सिन्हा ने अपनी दावेदारी पेश की है। पर्यवेक्षक चार-चार नामों का पैनल तैयार कर एआईसीसी को भेजेंगे।









## खबर संक्षेप

### विधायक बघेल ने किया भूमिपूजन



**ठेलकाडीह।** विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने ठाकुरटोला और मालाडबरी में गत दिनों सड़क का भूमिपूजन किया। विधायक ने कहा कि क्षेत्र का बगैर भेदभाव के विकास कार्य कराए जाएंगे। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### विद्यार्थियों ने किया योगाभ्यास

**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन में छात्र छात्राओं ने योगाभ्यास किया। मुख्य अतिथि अलखराम साहू ने सर्वप्रथम गायत्री मंत्र का जाप कराया।



उन्होंने अनुलोम, विलोम, भ्रामरी, वज्रासन, कपालभारती, मंडूक आसन आदि का अभ्यास कराया। उन्होंने विद्यार्थी को बताया कि योग के अभ्यास से शारीर ऊर्जावान, रक्त संचार में वृद्धि और मांस पेशियां मजबूत होती है। स्मरण शक्ति भी बढ़ती है। संचालन एवं आभार प्रदर्शन अतिथि व्याख्याता शुभि जैन ने किया। कार्यक्रम में डॉ काव्या जैन, डॉ संजूसिंह, ओमप्रकाश सहारे, डॉ हेमलता विरदी, चांदनी पराते, कंचन साहू, हिमानी साहू, हरवंश चौरगे, मोनिश खान, चंद्रकांत कुंभकार के अलावा बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं शामिल हुए।

### डॉ. अमरोहित बताएंगे सफलता के टिप्स

**डोंगरगांव।** जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में 11 एवं 12 अक्टूबर को कोरिया साहित्य महोत्सव आयोजित है। जिला प्रशासन एवं सांस्कृतिक संस्था अभिव्यक्ति द्वारा आयोजित इस महोत्सव में राज्य भर के साहित्यकार एवं सांस्कृतिक कर्मी शिरकत करेंगे। आगामी 12 अक्टूबर को तीन घंटे का विशेष सत्र प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यार्थियों के लिए रखा गया है जिसमें लेखक और छत्तीसगढ़ी साहित्यकार डॉ. गीतेश अमरोहित अभ्यार्थियों को परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के टिप्स देगें।



### दशरथ हुए अध्यक्ष निर्वाचित

**पटेवा।** ग्रामीण साहू समाज पटेवा की 9 अक्टूबर को कर्मा मंदिर प्रांगण में बैठक रखकर पदाधिकारी का चुनाव किया गया। चुनाव में अध्यक्ष दशरथ साहू, उपाध्यक्ष यशवंत साहू, हेमलता साहू, संगठन सचिव योगेश्वर साहू, कलिंद्री साहू, सचिव रोशन साहू, सह सचिव नीलकंठ साहू, कोषाध्यक्ष विजय गजपाल, प्रचार सचिव नितेश साहू, मीडिया प्रभारी ख़ेमन साहू, संरक्षक विरेंद्र हिरवानी, बहुरसिंह साहू, सुखी मंडल, राजेश साहू बने। निर्वाचन पर्यवेक्षक माधवदास साहू, श्यामलाल साहू, खेमलाल साहू, संतोष साहू, राधेलाल साहू, मंडल अध्यक्ष हीरालाल साहू थे।



### एनएसएस ने किया पौधरोपण

**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय की रासेयो इकाई ने साप्ताहिक गतिविधि अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया। कार्यक्रम अधिकारी एचआर पदमे एवं नीलम चतुर्वेदानी के संयोजन में स्वयंसेवकों ने विभिन्न पौधों का रोपण कर उनकी सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगाया। सभी स्वयंसेवकों ने पौधों की नियमित देखरेख एवं संरक्षित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में दलनायक चंद्रदेव, युवराज पटेल, योगिता, दिव्या, संजना, उगेश्वरी, अनंत, आकाश, शैलेन्द्र यादव तथा झंगलु सहित अन्य स्वयंसेवक शामिल हुए।



### स्वयंसेवकों ने किया पथ संचलन

**डोंगरगढ़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लाल बहादुर नगर मंडल ने शताब्दी वर्ष निमित्त विजयादशमी उत्सव पथ संचलन का आयोजन किया। आयोजन में चारभाठा मंडल एवं अन्य आसपास के स्वयंसेवकों ने शामिल होकर पथ संचलन किया। महिलाओं ने स्वयंसेवकों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इसी कड़ी में लाल बहादुर नगर मंडल में भी पथ संचलन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विष्णु साव शामिल हुए। अतिथि अभय बाजपेई एवं खंड संघचालक जागेश्वर निषाद थे।



### घोटिया में पुस्तक वितरण नहीं, शिक्षक भी गायब

**डोंगरगढ़।** ग्रामीण ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा ने घोटिया के बच्चों को हिंदी और गणित की पुस्तक नहीं मिलने की शिकायत बीईओ से की है। उन्होंने यह भी बताया कि एक शिक्षक के लगातार अनुपस्थित रहने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने मामले को गंभीरता से लेकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि घोटिया, शिवपुरी और कन्हारगांव में सामाजिक सर्वेक्षण कर बच्चों से सभी विषयों की जानकारी लेने पर बच्चों ने बताया कि उन्हें दोनों विषयों की पुस्तकें नहीं मिली हैं। प्राथमिक शाला घोटिया में शिक्षक चेतन राम बघेल को 17 जनवरी 2025 को युक्तिकरण के तहत पदस्थ किया गया। वह केवल एक दिन स्कूल पहुंचे हैं। उनके लगातार अनुपस्थित रहने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। अध्यक्ष ने शिक्षक को हटाने की मांग की है।

खतरे के बीच आवागमन करते हैं ग्रामीण

# ओवरब्रिज अधूरा, सड़क भी जर्जर

## शिकायत के बाद भी अधिकारी कर रहे अनदेखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नागतराई और हरनसिंघी को शहर से जोडने वाली सड़क के जर्जर होने से लोगों को आवागमन करने में परेशानी हो रही है। बारिश से सड़क गायब हो चुकी है।

मार्ग पर बड़े बड़े गढढे होने के करण 10 से 15 मिनट का रास्ता एक घंटे में पूरा हो रहा है। जानकारी के अनुसार उक्त गांव से प्रतिदिन 2 से 3 सौ लोग काम करने डोंगरगढ़ आते हैं। वहीं 50 से 100 बच्चे स्कूल और कॉलेज आते हैं। सड़क के जर्जर होने और रेल्वे फाटक बंद होने के कारण लोग समय पर काम पर नहीं पहुंच पाते है। बच्चे भी विलंब से स्कूल पहुंचते है।

लगातार परेशानी होने के बाद भी न तो नई सडक बनया जा रहा है और न मरम्मत कराया जा रहा है।





### ओवरब्रिज दो साल से अधूरा

नागतराई रेलवे क्रॉसिंग के पास बन रहा ओवरब्रिज दो साल से अधूरा है। अधूरे निर्माण के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। काम बंद होने से ग्रामीणों को रेल्वे लाइन पार करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि ओवरब्रिज बनने से पहले रेल्वे फाटक पर जाम और दुर्घटनाओं की समस्या आम थी। निर्माण शुरू होने पर लोगों को उम्मीद थी कि समस्या से राहत मिलेगी, लेकिन दो साल बाद भी काम पूरा न होने से लोगों में नाराजगी बढ़ गई है।

### पानी होता है जाम

ग्रामीणों ने बताया कि बारिश होने पर सड़क और रेल्वे ट्रैक के आसपास कीचड़ और जलभराव से स्थिति बन जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि नागतराई रोड की हालत भी बदतर हो गई है। जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। ग्रामीणों को आवाजाही करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार शिकायत करने के बाद मरम्मत नहीं कराया जा रहा है। मार्ग इन दिनों पूरी तरह जर्जर हो चुका है। सड़क पर गड्ढे होने से दोपहिया वाहनों का चलना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने नागतराई रोड की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की है ताकि लोगों को राहत मिल सके।

## अधिकारियों ने सामाजिक अंकेक्षण का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

स्कूल शिक्षा विभाग के आदेशानुसार मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत 8 अक्टूबर को प्राथमिक, माध्यमिक, हाई एवं हायर सेकंडरी स्कूलों में सामाजिक अंकेक्षण किया गया। जिला एवं विकासखंड के अधिकारियों ने दौरा कर सतत अवलोकन किया। जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा सतीश ब्योहारे, एपीसी रफीक अंसारी, पीआर झाड़े, विकासखंड स्रोत समन्वयक सुरेश सहारे ने पूर्व माध्यमिक शाला बुढ़ानछापर पहुंचकर सामाजिक अंकेक्षण का अवलोकन किया। इस दौरान संकुल समन्वयक प्रदीप जैन, धनेश वर्मा, जनपद सदस्य थनवार मंडावी आदि की उपस्थिति में सामाजिक अंकेक्षण का बेहतर आयोजन किया जाना पाया गया। बीईओ श्रीनिवास मिश्रा, एबीईओ वीरेंद्र कौर मांगट ने रा भी विभिन्न विद्यालयों का अवलोकन किया।इसी प्रकार संकुल समन्वयकों एवं संकुल प्राचार्यों ने अधीनस्थ शालाओं का जायजा लिया।



## सड़क पर गति अवरोधक का निर्माण

**डोंगरगढ़।** मोतीपुर- डोंगरगढ़ पदयात्रा मार्ग में गाड़ियों की रफ्तार को कम करने के लिए अछोली के सरपंच नंदकुमार साहू की पहल पर स्लिप पार्ट फैक्ट्री होते हुए मंदिर मार्ग पर स्पीड ब्रेकर लगाया गया। नवरात्रि के पहले दिन रमन चौक पर सरपंच श्री साहू और एक बाइक टकरा गए थे। इस घटना में सरपंच के कंधे में काफी चोटे लगी थी। घटना के बाद सरपंच साहू ने पदयात्रा मार्ग पर स्पीड ब्रेकर लगाने की मांगे की थी।

# कथाकार मुंशी प्रेमचंद की कृतियों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नेहरू महाविद्यालय में महान कथाकार मुंशी प्रेमचंद की पुण्यतिथि के अवसर पर हिंदी विभाग ने उनके साहित्यिक अवदान को स्मरण करते हुए संगोष्ठी का आयोजन किया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुंशी प्रेमचंद के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। प्रमुख अतिथि इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. आशा चौधरी थी। हिंदी विभाग की डॉ. नीता राजपूत ने प्रेमचंद के साहित्यिक योगदान की चर्चा करते हुए कहा कि उनकी रचनाएं कालजयी हैं और आज भी प्रासंगिक हैं। मुख्य वक्तव्य डॉ. आशा चौधरी ने प्रेमचंद को समाज सुधारक और यथार्थवादी लेखक बताते हुए कहा कि उनकी रचनाओं में देश सेवा, सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार और मानवीय संवेदनाओं की गहन अभिव्यक्ति मिलती है। नीलम सिन्हा ने 'सौत' कहानी के माध्यम से नारी मन की ममता और करुणा को रेखांकित किया। परिचर्चा में कामिनी वर्मा, दीपक वर्मा, छबिधर साहू, तामेश्वरी सिन्हा ने प्रेमचंद की कहानियों में निहित सामाजिक यथार्थ को उजागर किया। कार्यक्रम में तेजेश्वरी, धनिता यादव, पूजा साहू, तृप्ति, सेवती, टकेश्वर साहू, मनीषा पटेल, श्रुति, अमृता सहारे, केवलदास, डिकेश, पंकज वर्मा, गीतांजलि वर्मा, विद्या मानिकपुरी, करण मेश्राम सहित अन्य शामिल हुए।




# पांच दिनों में 8 हजार लोगों से सपंर्क
# सपरा ने कहाः भाजपा का विसर्जन तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संगठन सृजन अभियान के राजनांदगांव, खैरागढ़ छुईखदान गंडई, मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले में अध्यक्ष चयन के पर्यवेक्षक मुंबई कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता चरण सिंह सपरा 6 तारीख से लेकर के 10 तक तीनों जिले के कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता, विधायक सहित लगभग 8 हजार से अधिक लोगों से जीवंत संपर्क कर तीनों जिले में कांग्रेस का नेतृत्व किसके हाथों में हो, इसके बारे में गहन राय शुमारी कर सामाजिक, राजनीतिक सामंजस्य के साथ-साथ ऊर्जावान स्वच्छ, चेहरा सद्चरित्र नेतृत्व को तीनों जिले का कमान सौंपकर इस प्रदेश में भाजपा सरकार की कुनीति से परेशान आम जनता जिनके हितों पर कुठाराघात हो रहा है, उसका मजबूती से जनता के साथ लड़ाई लड़कर उन्हें राहत देने वाले नेतृत्व का चयन किया जाना है, जिस प्रकार से तीनों जिलों के कांग्रेसजनों में संगठन सृजन के प्रति जो उत्साह है, उससे यह स्पष्ट है कि छग में भाजपा सरकार का विसर्जन तय है।

### जिलाध्यक्ष के लिए दर्जनभर दावेदार

खैरागढ़ जिले में जिला अध्यक्ष के लिए 12 दावेदार हैं। मोहला-मानपुर-अं. चौकी जिले में 4 लोगों और राजनांदगांव शहर में 14 एवं ग्रामीण में 12 आवेदन प्राप्त हुए हैं। सभी की विस्तृत जानकारी पार्टी शीर्ष नेतृत्व रिपोर्ट के रूप में दी जाएगी।

### मां बम्लेश्वरी में की पूजा-अर्चना

श्री सपरा धर्मनगरी डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी एवं गुरुद्वारा में माथा टेककर कांग्रेस पार्टी प्रगति एवं छग राज्य की खुशहाली की कामना मातारानी से की। आज अंतिम दिवस बुद्धिजीवी वर्ग, अधिवक्तागण, समाजसेवी महिला संगठन से भी मिले।

### मोहला में स्वयंसेवकों ने किया पथ संचलन

**मोहला।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर पथ संचलन का आयोजन किया गया जिसमें जिला भाजपा अध्यक्ष दिलीप वर्मा शामिल हुए। इस आयोजन में भाजपा के अनेक कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान जिला कोषाध्यक्ष राजेश जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह,संगीता मिश्रा, अवधेश त्रिपाठी, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष अरुण यादव, जिला मंत्री भारतभूषण राजपूत, मंडल कोषाध्यक्ष देवनारायण कुंभकार, अम्बर जोशी, किशोर अडभैया सहित अन्य शामिल हुए।



### मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता कार्यक्रम

**डोंगरगढ़।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर को नेहरू महाविद्यालय स्टेडियम में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शपथ के साथ ध्यान, प्राणायाम एवं मनः विश्रांतिकर अभ्यास सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्पेशलाइज्ड थेरेपी सेंटर एवं होम्योपैथी औषधालय द्वारा नेहरू महाविद्यालय के योग विभाग के तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक शपथ ली। कार्यक्रम में डॉ. शोबी खान, डॉ अलोक कलचुरी, प्राचार्य डॉ ईव्ही रेवती, मंजू धनकर, पोषण वर्मा, गायत्री मिश्रा, सुमरो मांडवी, डालेश ठाकुर, राकेश अग्रवाल, गोपाल महोबिया सहित अन्य शामिल हुए।

# प्रांतीय कबड्डी स्पर्धा में शिशु मंदिर विजेता



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

प्रांतीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन गत दिनों बागबाहरा में किया गया। इस स्पर्धा में स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस दौरान प्रशिक्षक डिगेश साहू, संरक्षण आचार्य कौशल्या वर्मा उपस्थित थी। यह टीम अब क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में शामिल होने मध्यप्रदेश जाएगी। इस टीम में नितेश वर्मा, शुभम जंघेल, मोहनीश साहू, प्रवीण कंवर, रामजाने कंवर, सूरज वर्मा, अश्वनी वर्मा, अभय कुमार वर्मा, हर्ष कंवर, झलेश निर्मलकर शामिल थे। शिक्षा समिति के अध्यक्ष सुनील जैन, मीना गिरधर, नीलम चोपड़ा, सुशील जैन, प्रकाश गिरधर, प्रभाकर राव गिरधर, नारायण लाल अग्रवाल, सुरेश सोनी, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, राजेंद्र जैन, गोपाल खेमुका, प्राचार्य प्रकाश यादव, प्रधानाचार्य जागेश्वर लाल निषाद आदि ने सभी को बधाई दी है।

## यूजी एवं पीजी में प्रवेश 15 तक

**डोंगरगढ़।** पं. सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय बिलासपुर के अध्ययन केन्द्र नेहरू महाविद्यालय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर में प्रवेश तिथि में वृद्धि हुई है। प्रवेश के लिए अब ऑनलाइन आवेदन 15 अक्टूबर तक किया जा सकता है। अध्ययन केन्द्र के समन्वयक टेकराम वर्मा ने बताया कि बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए एवं बी लिब तथा एमए हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, शिक्षा, छत्तीसगढी, एमकॉम, एमएससी गणित, कम्प्यूटर साइंस, योग विज्ञान, पीजीडीसीए, एमएसडब्ल्यू, एमबीए, एमलिब में प्रवेश लिया जा सकता है।

### डोंगरगांव में किसान सम्मेलन 15 को

**डोंगरगांव।** स्थानीय मंडी परिसर में आगामी 15 अक्टूबर को जिला स्तरीय किसान सम्मेलन का आयोजन रखा गया है। इस सम्मेलन में किसानों को खेती से संबंधित उपयोगी जानकारी मिलेगी।

## निधन



### चंपालाल कोचर

**डोंगरगढ़।** भंडारपुर निवासी चंपालाल कोचर सुपुत्र संतोष कोचर का निधन 9 अक्टूबर को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा निज निवास से निकली। ग्राम के मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया।






## खबर संक्षेप

### छात्राओं को मिली साइकिल



**सड़क अतरिया।** शासकीय हाईस्कूल घिरघोली में विगत दिवस पूर्व विधायक कोमल जंघेल एवं एसएमडीसी अध्यक्ष रोहित जंघेल के आतिथ्य में छात्राओं को सायकिल वितरण किया गया। इस मौके पर श्री जंघेल ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि योजना से स्कूल से घर की दूरी कम हो गई है। कार्यक्रम में प्राचार्य एवं शिक्षक शामिल हुए।

### अध्यक्ष के स्वागत में निकली बाइक रैली



**सड़क अतरिया।** प्रदेश भाजयुमो अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा का गुरूवार को आगमन हुआ। उनके स्वागत में नर्मदा भाजयुमो अध्यक्ष बालकिशन वर्मा ने बाईक रैली का आयोजन किया जो नर्मदा मंदिर से पूजा अर्चना कर खैरागढ़ के लिए रवाना हुई। रैली में मंडल अध्यक्ष आनंद पटेल, रमेश जंघेल, भीखु हिरवानी, प्रकाश जंघेल, डोमारसिंह भेड़िया, अनुज साहू, अवधेश मिश्रा, लालचंद पटेल, तामेश्वर जंघेल, बोधन सिंह मेरावी, प्रकाश वर्मा, महेश जैन, गजेन्द्र जंघेल, भैरव सिंह सहित अन्य शामिल हुए।

### मुख्यमंत्री ने योगेन्द्र वर्मा को दी बधाई



**सड़क अतरिया।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सम्मानित डोगेंद्र वर्मा को सीएम निवास में सम्मानित किया। उन्होंने आर्थिक रूप से कमजोर होनहार छात्र को आगे की पढाई के लिए आर्थिक मदद करने का आश्वासन दिया है। ज्ञात हो कि बीते 4 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विज्ञान भवन दिल्ली में पदमावतीपुर के छात्र डोगेंद्र वर्मा को सम्मनित किया था। योगेन्द्र ने मेकेनिकल डीजल ट्रेड की अखिल भारतीय परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। डोगेंद्र वर्मा के साथ मुख्यमंत्री निवास पर पूर्व विधायक कोमल जंघेल, सरपंच भारत लाल साहू, जीतन वर्मा, संतोष वर्मा आदि ने मुख्यमंत्री से मुलाकात किया।

### चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण



**चिचोला।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुरिया द्वारा रजत जयंती महोत्सव का आयोजन पाटेकोहरा चेक पोस्ट में किया गया।शिविर में वाहन चालकों के स्वास्थ्य की जांच की गई। यह कार्यक्रम में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी शाखा राजनंदगांव ने किया था। शिविर में बीएमओ डॉ उमेश भगत, बीईटीडी बीएल चौरे, सीएमओ डॉ. प्रकाश साहू, चेक पोस्ट प्रभारी राजेंद्र बर्मन, निरीक्षक प्रवीण ध्रुव एवं उप निरीक्षक संध्या तिवारी शामिल हुए।

### विद्यार्थियों का मनाया हरित जन्मदिन



**जेवरतला रोड।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में नवाचारी व्याख्याता अजय पाठक और हेपशीबा एंथोनी ने पर्यावरण संरक्षण तथा विद्यालय परिसर को हरा भरा बनाने के उद्देश्य से नवाचार करते हुए विद्यार्थियों को उनके जन्मदिन पर पौधे प्रदान किया। प्राचार्य आरके देवांगन, व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, टीएल देवांगन, रेशमी साहू, चंद्रा देबनाथ, भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू, महेश रावटे, रवि देवांगन, बिंदु पटेल, बिंदु साहू ने कक्षा 12वीं की साक्षी और रोशन कुमार को पौधा प्रदान कर विद्यालय परिसर में लगवाया।

### युवाओं ने देखा प्रकृति का नजारा



**डोंगरगढ़।** एकोवेरा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के निर्देशन में इको-अवेयरनेस ट्रेक का आयोजन डंगोरा डैम क्षेत्र में किया गया। एकोवेरा इंडिया के निदेशक प्रमेश विजयवार ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य युवाओं में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी और संवेदनशीलता विकसित करना है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में पर्यावरण पर्यटन, साहसिक गतिविधियों की असीम संभावनाएँ हैं। ट्रेक के दौरान प्रतिभागियों ने लगभग 5 किलोमीटर की कठिन चढ़ाई तय कर पहाड़ी की चोटी तक पहुँचे और रात्रि कैंप किया। रात्रि में कैम्प फायर, स्वच्छता अभियान और नेचर अवेयरनेस सेशन आयोजित किया गया। सुबह डेम और पर्वत श्रृंखला के ऊपर से उगते सूर्य का मनमोहक दृश्य सभी प्रतिभागियों के लिए अविस्मरणीय अनुभव रहा। इस अभियान में चेमन भंडारी, देवा धनविजय, प्रदीप साहू, सतेंद्र रामटेके, रविन्द्र सिन्हा, ताम्रध्वज सिन्हा, छवि साहू, अयान और चोंटू शामिल हुए।

### प्रदेश अध्यक्ष टिकरिया का भाजयुमो ने किया स्वागत

# 2028 में भाजपा का परचम लहराने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा के प्रथम आगमन पर भाजपा युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने बाईक रैली और आतिशबाजी कर शानदार स्वागत किया। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष आयश सिंह बोनी के नेतृत्व में धरमपुरा से निकली बाइक रैली शहर भ्रमण बाद पिपरिया मे जिला भाजपा कार्यालय पहुंची। जहॉ पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा ने अपने संबोधन में सभी कार्यकर्ताओं को आभार प्रकट करते हुए कहा कि युवा मोर्चा पार्टी की रीढ़ है। पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार के खिलाफ हमारी लड़ाई में कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका रही है। उन्होंने अपने संघर्षों का जिक्र करते हुए कहा कि बेमेतरा जिले से दूसरी बार जिला पंचायत सभापति बना हूं, यह पार्टी और कार्यकर्ताओं की बदौलत संभव हुआ। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार छत्तीसगढ़ में सुशासन के साथ कार्य कर रही है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने अभूतपूर्व विकास किया है। राहुल टिकरिहा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण और 24 किमी सेतु निर्माण जैसे काम को भारत के स्वाभिमान का प्रतीक बताते हुए सभी युवा कार्यकर्ताओं से निस्वार्थ भाव से सेवा करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम मे कोमल जंघेल और खम्हन ताम्रकार ने कांग्रेस शासन में प्रदेश अध्यक्ष के संघर्ष से प्रेरणा लेने की अपील करते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में युवा मोर्चा और सशक्त रूप से कार्य करेगा। संचालन जिला भाजपा महामंत्री नवनीत जैन और आभार जिपं सभापति ललित चोपड़ा ने व्यक्त किया। इस दौरान टीके चंदेल, घम्मन साहू, आलोक श्रीवास, नीलिमा गोस्वामी, गिरजा चंद्राकर, डॉ राजेश्री त्रिपाठी, प्रकाश वर्मा, प्रकाश सिंह, शैलेन्द्र त्रिपाठी, शैलेन्द्र मिश्रा, जैनेंद्र जंघेल, अनीश सिंह, प्रेमसागर गुप्ता, राकेश ठाकुर, हरप्रसाद वर्मा, रामकुमार जोशी, रवि भावनानी, हमेश यदु, जयप्रकाश साहू, मंजीत सिंह, अर्जुन क्षत्रिय, हर्षवर्धन वर्मा, वंदना तांडेकर, नीलिमा राजपूत, समेत सैकड़ों युवा मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### 2028 की तैयारियों में जुटने कहा

वरिष्ठ भाजपा नेताओं की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष आयश सिंह बोनी ने स्वागत भाषण मे कार्यकर्ताओं को किया एकजुट होकर काम करने और 2028 विधानसभा चुनाव में विधानसभा सीट में भाजपा का परचम लहराने का संकल्प दोहराया। भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ बिशेषर साहू ने प्रदेश अध्यक्ष के आगमन को युवा कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा दायक बताते हुए कहा कि 2028 के विधानसभा चुनाव में भाजपा की सरकार फिर से बने इसके लिए युवा मोर्चा को अभी से जुट जाना चाहिए। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विक्रांत सिंह ने कहा कि राहुल योगराज टिकरिहा ने कांग्रेस सरकार के दमनकारी रवैये का डटकर मुकाबला किया। उनके ऊपर 14 एफआईआर दर्ज हुआ, कई बार जेल यात्रा के बाद भी उनका जज्बा बरकरार रहा। उन्होंने कहा कि युवा मोर्चा को सेवा, समय और समर्पण भाव से रचनात्मक कार्यों में भाग लेना चाहिए।

### छुईखदान में प्रदेश अध्यक्ष टिकरिहा का भव्य स्वागत



**छुईखदान।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगीराज टिकरिहा के खैरगढ़-छुईखदान-गंडई जिले के प्रथम आगमन पर शुक्रवार को छुईखदान में उनका भव्य स्वागत किया गया। पूरे क्षेत्र में उत्साह, ऊर्जा और संगठनात्मक जोश का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम का आयोजन भाजयुमो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विक्रांत चंद्राकर के नेतृत्व में किया गया। श्री चंद्राकर ने प्रदेश अध्यक्ष का पारंपरिक रीति से स्वागत करते हुए उन्हें क्षेत्र की युवा शक्ति और संगठन की दृढ़ता का संदेश दिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक कोमल जंघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्मन ताम्रकार, सांसद प्रतिनिधि प्रेमनारायण चंद्राकर, राज लक्ष्मी पंसारी, प्रकाश जंघेल, आयाश सिंह, ललित चोपड़ा, किशन सिलोटिया, सोम यादव, कौशल चंदेल, हैप्पी बक्शी, नमन सिंह ठाकुर, प्यारेलाल वर्मा, ओमप्रकाश शोरी, हेमंत वर्मा, रिंकू सारथी, विक्की चंदेल, मोहित जंघेल, रोशन जंघेल नरेश वर्मा, तुका चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम स्थल पर आतिशबाजी, पुष्पवर्षा और नारेबाजी के बीच प्रदेश अध्यक्ष का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। छुईखदान में भाजपा युवा मोर्चा का यह कार्यक्रम युवा नेतृत्व और संगठनात्मक एकता का प्रतीक बनकर उभरा।

## राका में पशु चिकित्सालय की स्थापना करेगी सेवा संस्थान



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

कथा वाचक तिलेन्द्र ने गौ सेवा के क्षेत्र में एक बड़ी पहल की है। राका में संस्थान का गठन कर पदाधिकारियों का चयन किया गया। श्री हनुमंत सेवा संस्थान के महराजश्री ने बताया कि गौ माता की दयनीय स्थिति को देखते हुए संस्था का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि इंसानों के लिए हॉस्पिटल तो है लेकिन गौ माता के लिए कही हॉस्पिटल नहीं है। संस्थान द्वारा गौ माता के लिए हॉस्पिटल का निमार्ण किया जाएगा। इस हास्पिटल में एक्सीडेंट सहित अन्य कारणों से घायल गौ माता का उपचार किया जाएगा। इसी क्रम में संस्थान द्वारा गरीब बेटियों का विवाह कराया जाएगा।

### पदाधिकारियों का चयन

तिलेन्द्र महाराज ने राका संस्थान में बैठक रखा था जिसमें अध्यक्ष रेशम साहू निवासी पैरी को बनाया गया है। उपाध्यक्ष कुमान नेताम गिरगांव, मोहन साहू सालिकझिटिया, कोषाध्यक्ष खिलेश्वर साहू गोविंदपुर, सचिव चेतन वर्मा डुंडेरा, सह सचिव धनेश जंघेल गातापार खुर्द, दिनेश निषाद साकरीपार, मीडिया प्रभारी लोकेश सिन्हा गिरगांव को बनाया गया है।

### तिलईरवार स्कूल का सामाजिक अंकेक्षण



**तुमड़ीबोड़।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में सामाजिक अंकेक्षण किया गया। स्टॉफ, छात्र-छात्राओं एवं समुदाय के बीच अच्छे सामंजस्य और सुधार करने के उपाय के बारे में बताया गया। सामाजिक अंकेक्षण टीम के लीडर व्याख्याता हेमंत कुमार साहू थे । प्राचार्य असीम यदु , एसएमडीसी के अध्यक्ष मोरध्वज चंद्रवंशी, सेवानिवृत प्रधानपाठक राधाबाई धमगेश्वर, पंच ज्योति सहारे, शिक्षक थंगेश्वर साहू आदि मौजूदथे। सामाजिक अंकेक्षण टीम केने परीक्षा परिणाम, कला उत्सव, आपदा प्रबंधन, सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा, पुस्तकालय की उपयोगिता, प्रोजेक्टर का उपयोग, कैरियर काउंसलिंग, परीक्षा की तैयारी, उपचारात्मक शिक्षण, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी, प्रयोगशालाओं के उपयोग पर चर्चा किया। इस दौरान अनुराधा ढोक, सरोज भुआर्य , रेखा मुरकुटे, जानकी वल्लभ तंबोली, पालकराम वर्मा, राजेश कुमार नेताम, जितेंद्र कुमार कश्यप, हरिशचंद्र यादव, आशीष मसीह, रीचा चंद्राकर, हेमिन ठाकुर, दानेश्वर साहू आदि मौजूद थे।

## जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर वन टू वन चर्चा




हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय प्रवक्ता चरणसिंह सापरा ने नगर पहुंचकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष को लेकर कार्यकर्ताओं से वन टू वन चर्चा किया। उन्होंने पूर्व पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक में कर उनकी बातों को सुना। उन्होंने जमीन से जुडे नेता को इस पद के लिए चुनने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि अब पैराशूट अध्यक्ष नहीं होगा। श्री सापरा के साथ पहुंचे उमेश पटेल, ब्रजेष ठाकुर सहित अन्य का कार्यकर्ताओं ने जोरदार सत्कार किया। श्री सपरा ने उपर मंदिर जाकर विधि विधान से पूजा अर्चना किया। छिरपानी धर्मशाला में जनप्रतिनिधियों एवं दावेदारों से अलग-अलग मुलाकात कर चर्चा किया। इस दौरान विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, विधायक दलेश्वर साहू, पूर्व मंत्री धनेश पटिला, नवाज खान, भागवत साहू, थानेश्वर पटिला, शाहीद भाई, भावेशसिंह, विष्णु लोधी, पदम कोठारी, प्रदीप शर्मा, शिवेन्द्र राय, रघुवर अग्रवाल, विजय प्रसाद सिंह, सुरेश सिन्हा, हरीश भंडारी, मतीन खान, प्रकाश महानदी, इंदरपाल सिंह राजा, धीरज मेश्राम, धीरेन्द्र प्रताप सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

### कांग्रेसजनों का जताया आभार



कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने संगठन सृजन अभियान के दौरान डोंगरगांव, डोंगरगढ़, खुज्जी और राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसजनों का समर्थन देने के लिए आभार जताया है। उन्होंने कांग्रेस जनों ने उन पर जो विश्वास जताते हुए सहयोग दिया वह सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने कहा कि जिम्मेदारी या पद न मिले किन्तु वह सेवा करने से कभी पीछे नहीं हटेंगे।

### मंदिर में मनाया गया शरद पूर्णिमा उत्सव

**राजनांदगांव।** राम जानकी बाला बाबा मंदिर के पुजारी एवं अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के कार्यालय प्रमुख वैभव निर्वाणी ने बताया कि विगत दिनों राम जानकी बाला बाबा मंदिर में शरद पूर्णिमा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। वैभव निर्वाणी ने बताया कि शरद पूर्णिमा के दिन चंद्रवलय का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। इसे चंद्रमा का वृत भी कहा जाता है। अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवकुमार निर्वाणी ने बताया कि शरद पूर्णिमा के दिन जब चंद्रमा अपनी सोलह कलाओं से युक्त होकर जब धरती पर अपनी उज्जवल प्रकाश बिखेरती है, तब इस रात्रि में चंद्रमा कि किरणें अमृतमयी हो जाती है। उक्त अवसर पर अमित श्रीवास्तव, देवकुमार निर्वाणी, नमो नामदेव, रुपमति, मनोज निर्वाणी, रुचि नामदेव, प्राचि श्रीवास्तव, राजीव शुक्ला, वैभव निर्वाणी, मोसमी, ज्ञानेश्वर वैष्णव, शशांक निर्वाणी, कैलाश चोरसिया समेत अन्य लोग शामिल थे। उक्त जानकारी वैभव निर्वाणी ने दी।

## धमकियों से सरपंच-सचिव परेशान

### वेब पोर्टलों से शुरू हुई वसूली की चेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

दीवाली का त्यौहार नजदीक आते ही जहां गांव-गांव में रौनक बढ़ रही है वहीं जिले के सरपंच और पंचायत सचिवों के चेहरों पर चिंता की लकीरें गहराती जा रही हैं। वजह है कुछ तथाकथित पत्रकार, जो वेब पोर्टलों और फर्जी प्रेस कार्डों के सहारे पंचायत प्रतिनिधियों से धन उगाही में जुट गए हैं। ये लोग दिवाली विज्ञापन और त्यौहार खर्च के नाम पर हजारों रुपए की मांग कर रहे हैं और नही देने पर पंचायत के खिलाफ खबर छापने की धमकी देते हैं। कई सरपंचों ने बताया कि कुछ लोग दीपावली की शुभकामना देते हुए कहते हैं साहब इस बार मिठाई खर्च दे दीजिए। यह सिलसिला हर साल बढ़ता जा रहा है और अब यह एक तरह की त्यौहारी वसूली का रूप ले चुका है।

जिला पत्रकार संघ अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह गौर ने कहा कि ऐसे लोग जो गांव-गांव घूमकर अवैध वसूली कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि असली पत्रकारिता का इन लोगों से कोई लेना-देना नहीं है। जिस व्यक्ति या संस्था से ऐसे लोग संपर्क करे उनकी शिकायत सीधे पुलिस या प्रशासन को दे। उन्होंने बताया कि पत्रकार संघ ऐसे तत्वों की जानकारी एकत्र कर रहा है, ताकि भविष्य में पहचान के आधार पर लोगों को सतर्क किया जा सके। सरपंच संघ अध्यक्ष दिलेश्वर यदु ने कहा कि हमने सभी सरपंचों को सतर्क किया है कि कोई भी व्यक्ति पत्रकार बनकर रुपए मांगे तो तुरंत पत्रकार संघ या पुलिस को सूचना दें। उन्होंने यह भी कहा कि इन फर्जी गतिविधियों से पंचायत प्रतिनिधियों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है।

जिले के कई सरपंचों ने बताया कि राजधानी से संचालित कुछ वेबसाइटें उनको जानकारी दिए बिना ग्राम पंचायतों के नाम से विज्ञापन प्रकाशित कर उसके बदले में यूपीआई बारकोड भेजकर रकम की मांग कर रहे है और भुगतान नही करने पर भ्रष्टाचार उजागर करने जैसी धमकी भरा संदेश भेज रहे हैं। सरपंचों का कहना है कि ये लोग खुद को पत्रकार बताते हैं जबकि उनका कोई स्थानीय दफ्तर जिले मे नहीं है और न ही किसी मान्यता प्राप्त संगठन से जुड़ाव रखे हुए है, लेकिन झूठा पता ठिकाना बताकर गांव-गांव घूम रहे हैं और मिठाई खर्च या दिवाली गिफ्ट के नाम पर रकम ऐंठ रहे हैं। कई पंचायत प्रतिनिधियों ने बताया कि कुछ फर्जी पत्रकार यूपीआई बारकोड भेजकर ऑनलाइन वसूली कर रहे हैं। न गांव आए, न मुलाकात की, फिर भी कहते हैं कि आपकी खबर विज्ञापन छपी है पेमेंट करो।

## चकनार में शिक्षा प्रोत्साहन पर कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया



प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला चकनार में मंगलवार को मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सरपंच वंदना लालचंद पटेल, रूपसिंह, भैरव साहू, सुनीति मिर्झा, सरजू साहू शिक्षक मेहरवी, उषा वासनिक, अंबा जंघेल, कल्पना पुडेटी, साहू मेम सहित अन्य शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी रही।

ज्ञानवर्धक प्रश्नोत्तरी सत्र का संचालन भैरव साहू ने किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। श्री साहू ने मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना को बच्चों के उज्वल भविष्य की दिशा में एक सशक्त कदम बताया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, अनुशासन, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षकों और अभिभावकों के बीच संवाद, डिजिटल शिक्षा और ई-लर्निंग के अवसरों पर चर्चा किया गया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों के विकास हेतु सुझाव दिया। बच्चों को मेहनत, लगन और ईमानदारी से आगे बढ़ने प्रेरित किया। जनप्रतिनिधियों ने विद्यालय के सौंदर्यीकरण, पुस्तकालय विकास और खेल सामग्री उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। अंत में बच्चों को योजना के तहत शैक्षणिक सामग्री वितरित किया गया।

## सार समाचार

### भंडारा का आयोजन आज

**राजनांदगांव।** नंदई चौक वार्ड नं. 48 के कोठारपारा स्थित सार्वजनिक मां कालीमाई मंदिर परिसर में विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है। वार्ड के पार्षद अरुण साहू ने बताया कि मां कालीमाई मंदिर प्रांगण में कल 11 अक्टूबर को शाम 7 से रात्रि 10 बजे तक भंडारा का आयोजन किया गया है। उन्होंने श्रद्धालुओं से भंडारा स्वरूप प्रसादी ग्रहण करने की अपील की है।

### साहित्यिक कार्यक्रम आयोजित

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ साहित्य समिति द्वारा शरद पूर्णिमा अवसर पर विश्व के आदि कवि महर्षि बाल्मीकि को याद करने साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुराना विश्राम गृह में आयोजित आयोजन में वरिष्ठ चिंतक अशोक चौधरी, समाजसेवी शारदा तिवारी, साहित्यकार प्रभात तिवारी, डॉ. शंकर मुनि राय, राकेश इंदूभूषण ठाकुर की उपस्थिति में मां सरस्वती शारदे की पूजन कर विश्व के आदि कवि वाल्मीकि को उनकी महाकाव्य रामायण के लिए कृतज्ञता पूर्वक याद किया गया। इस दौरान चौधरी ने बताया कि शिशु अवस्था में कैसे एक भीलनी ने बाल्मीकि को उठाकर ले गई और उसे रत्नाकर नाम का डाकू बना दिया, जिसे नारद जी ने ज्ञान देकर रामायण का रचयिता महर्षि बाल्मीकि बना दिया। वरिष्ठ साहित्यकार कुबेर साहू ने शरद पूर्णिमा व महर्षि बाल्मीकि पर अपनी बात कहते इसे श्रद्धा व आस्था का विषय बताया। इस अवसर पर आत्माराम कोशा, चिंतक प्रभात तिवारी, कथाकार मानसिंह मौलिक, राकेश इंदूभूषण ठाकुर, डॉ. शंकर मुनि राय ने अपने-अपने विचार रखे। उक्ताशय की जानकारी सचिव मानसिंह मौलिक ने दी।



### मंदिर में 22 को अन्नकूट महोत्सव

**राजनांदगांव।** कामठी लाइन स्थित सुप्रसिद्ध श्री सत्यनारायण मंदिर में इस वर्ष कार्तिक शुक्ला एकम तिथि 22 अक्टूबर को पारंपरिक अन्नकूट महोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाएगा। मंदिर समिति ने बताया कि यह आयोजन पिछले 100 वर्षों से निरंतर होता आ रहा है और नगर के भक्तों की आस्था का प्रमुख केंद्र है। इस वर्ष भी श्री सत्यनारायण धर्मशाला में दोपहर 3 बजे से प्रसादी वितरण प्रारंभ होगा। समिति के अध्यक्ष अशोक लोहिया, आचार्य पं. कालूराम शास्त्री, उत्सव प्रभारी पवन लोहिया, श्याम खंडेलवाल, लक्ष्मण लोहिया और राजेश शर्मा ने बताया कि सभी श्रद्धालु समय पर धर्मशाला पहुंचकर प्रसादी ग्रहण करें।


### निगम के 3 कर्मचारी सेवानिवृत्त, दी भावभीनी बिदाई

**राजनांदगांव।** नगर निगम में अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले 3 कर्मचारी क्रमशः राजस्व उपनिरीक्षक गणितराम ठाकुर व ईश्वर माटे तथा पेंशन लिपिक तिजऊराम को निगम सभागृह में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बिदाई समारोह में भावभीनी बिदाई दी गई। कार्यक्रम में आयुक्त सहित कार्यपालन अभियंता दीपक खांडे एवं राजस्व अधिकारी राजेश तिवारी ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को माला पहनाकर, शाल, श्रीफल से सम्मानित किया तथा अवकाश नगदीकरण का चेक दिया। समारोह में आयुक्त ने तीनों कर्मचारियों को निर्बाध रूप से सेवाकाल पूर्ण करने पर बधाई देते कहा कि आप लोगों ने लगभग 30 से 35 वर्ष तक कुशलतापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन किया। उन्होने कर्मचारियों से कहा कि नगर निगम जनता से जुड़ी संस्था है। जिसमें काम करने में कठिनाई भी आती है, लेकिन परिस्थिति कुछ भी हो हमारा कर्तव्य हमारी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के पेंशन एवं अन्य प्रकरणों का जल्द निराकरण करना है। उन्होंने गणितराम, ईश्वर माटे एवं तिजऊराम से अपने पारिवारिक दायित्वों का निर्वहन करने शुभकामना देते उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सेवानिवृत्त तीनों कर्मचारियों ने अपना अनुभव साझा करते कहा कि नगर निगम में लंबे समय तक काम करने का अवसर मिला। पूर्व में निगमों में उतनी सुविधाएं नहीं मिलती थी, फिर भी हम लोगों ने निष्ठा से काम किया। कार्यपालन अभियंता श्री खांडे एवं राजस्व अधिकारी श्री तिवारी ने भी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते कहा कि अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर ये कर्मचारी आज शासन नियमों के तहत सेवानिवृत्त हो रहे हैं। समारोह का संचालन व आभार प्रदर्शन नारायण यादव ने किया। कार्यक्रम में नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



### टेड़ेसरा में मनाया गया विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस

**राजनांदगांव।** रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग टेड़ेसरा राजनांदगांव की प्राचार्य डॉ. अरुणा पी. मसीह एवं उप- प्राचार्य कमल किशोर देशमुख एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन में बीएससी नर्सिंग के छात्र-छात्राओं द्वारा ग्राम टेड़ेसरा में 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में नर्सिंग छात्रों द्वारा ग्रामवासी को नुक्कड़ नाटक द्वारा "सेवाओ की उपलब्धता" जो, मुश्किल हालातों में भी मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच कितनी जरूरी है, लेकिन सिर्फ मुश्किल समय में ही नहीं, बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी में भी हमें अपने मन का ख्याल रखना चाहिए, यह जानकारी दी गई। इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता और स्पीच प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर अपनी स्त्रीजनात्मकता और अभिव्यक्ति का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को प्रमाण पत्र और पुरस्कार वितरित किए गए।



### अभियान चलाकर पुलिस ने वारंटियों को पकड़ा

**राजनांदगांव।** पुलिस ने अभियान चलाकर आबकारी एक्ट एवं मारपीट के मामले में 9 गिरफ्तार वारंटी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।
पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन पर नगर पुलिस अधीक्षक वैशली जैन के पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत 10 अक्टूबर को विशेष अभियान चलाकर थाना कोतवाली पुलिस द्वारा अलग-अलग टीम गठित कर वारंटियों की पतासाजी की गई। पुलिस टीमों ने सक्रियता दिखाते सभी वारंटियों को उनके निवास स्थानों से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जाएगा।
**मारपीट के मामले में फरार गिरफ्तार वारंटी-** प्रवीण बघेल उर्फ कुडही 23 वर्ष निवासी प्रभातनगर, राजेश उर्फ गोलू 40 वर्ष निवासी अटल आवास बैगापारा लखोली, जगेश्वर उर्फ लाला 27 वर्ष निवासी कन्हारपुरी, पीयूष रामटेके 19 वर्ष निवासी बख्तावर चाल, शिवम सिन्हा उर्फ चार्ली 25 वर्ष निवासी शंकरपुर शामिल हैं।
**आबकारी एक्ट के फरार गिरफ्तार वारंटी-** गौतम सिन्हा 22 वर्ष निवासी सेठी नगर, शिवा सिन्हा 23 वर्ष निवासी अटल आवास लखोली, तरूण तिवारी उर्फ राजा 39 वर्ष निवासी महामाईपारा थाना कोतवाली के पीछे, निरज सोनकर 20 वर्ष निवासी कन्हारपुरी को दबिश देकर गिरफ्तार किया गया।

### पेंड्री में 60 से अधिक घरों को किया चेक

# संदिग्धों की पहचान करने पुलिस ने चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस द्वारा बाहर से आए मुसाफिरों, फेरीवालों, अवैध अप्रवासी भारतीय तथा अन्य गुंडा बदमाश व संदिग्धो की पहचान हेतु अभियान चलाकर अटल आवास पेंड्री में लगभग 60 से अधिक घरों को चेक किया गया।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के नेतृत्व में चोरी, लूट, झपटमारी, चाकूबाजी, नशीले पदार्थों की तस्करी आदि की घटना की रोकथाम के लिए 10 अक्टूबर को थाना लालबाग प्रभारी राजेश साहू, ओपी तुमडीबोड़ प्रभारी दिलीप पटेल, पुलिस लाइन से निरीक्षक अरूण नामदेव सहित लगभग 50 से अधिक पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा थाना लालबाग क्षेत्र के अटल आवास पेंड्री के आवासीय परिसर में जाकर वहां स्थित 60 से अधिक घरों को चेक किया गया।



#### ली गई तलाशी

यहां रहने वाले लोगों की भी तलाशी ली गई। मकान मालिकों, किरायेदार व अन्य बाहरी मुसाफिरों की भी चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान लोगों के आधार कार्ड, पेनकार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस आदि चेक कर तस्दीक किया गया। गुंडा बदमाश, निगरानी बदमाश तथा उपद्रवी तत्वों की भी चेकिंग की गई। यह चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेंगी।

# शहर के सराफा व्यापारी के ठिकाने पर छापा

- वाहनों में शहर पहुंची थी अफसरों की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शहर में दीपावली पर्व से पहले ईओडब्लू और एसीबी की टीम ने दबिश दी है। संयुक्त टीमों ने यहां के सराफा व्यापारी के ठिकानों पर छापा मारा है।

प्राप्त जानकारी अरनुसार नंदई चौक स्थित मकान और गुडाखू लाइन स्थित जसराज बैद मोहनी ज्वेलर्स दुकान पर छापेमार कार्रवाई की गई है। अफसरों की टीम चार गाड़ियों में राजनांदगांव पहुंची थी।

बताया जा रहा है कि जांच दल सराफा व्यापारी के ठिकानों की तलाशी ली। साथ ही कई अहम दस्तावेजों की भी जांच की। वहीं अफसर नगदी और अन्य सामग्री की जानकारी भी ले रहे हैं।

फिलहाल जांच पूरी होने के बाद ही पता चलेगा कि टीम को क्या बरामदगी हुई है।

#### वित्तीय लेन-देन और काले धन से जुड़ा है मामला

जांच दल सुबह-सुबह राजनांदगांव पहुंचे और दोनों स्थानों को घेर लिया। टीम ने दुकान और मकान में मौजूद सभी दस्तावेजों, नगदी, सोने-चांदी के आभूषणों और अन्य संपत्तियों की बारीकी से जांच शुरू की। बताया जा रहा है कि यह छापेमारी अवैध वित्तीय लेनदेन और काले धन से संबंधित शिकायतों के आधार पर की गई। हालांकि जांच पूरी होने के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि टीम को क्या बरामद हुआ और कार्रवाई का आधार क्या था।

# पीपल पेड़ काटने के दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

पीपल के पेड़ को काटने के मामले की जांच करते पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ा। जिनके खिलाफ कार्रवाई की गई है। खैरागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी प्रमोद पटेल निवासी ग्राम सर्रागांदी द्वारा थाना खैरागढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि ग्राम सर्रागांदी के बाहर सड़क किनारे शासकीय भूमि पर स्थित पीपल के पेड़ की ग्रामीण लगभग 20 वर्षों से पूजा-अर्चना करते आ रहे हैं।

#### मशीन की तलाश

जांच में पाया गया कि प्रकाश कोसरे ने लकड़ी काटने की मशीन से पीपल के पेड़ को काटा। जबकि इमरान मेमन सड़क पर खड़ा होकर निगरानी कर रहा था। घटना के बाद दोनों आरोपी खैरागढ़ लौट आए तथा मशीन को नदी में फेंक दिया, जिसे गोताखोरों की मदद से तलाशने का प्रयास किया जा रहा है। आरोपी के निशानदेही पर अपराध में प्रयुक्त स्कूटी जब्त की गई एवं प्रकरण में धारा 238 बीएनएस तथा धारा 3 शासकीय संपत्ति विरूपण अधिनियम जोड़ी गई।

**थाना में मामला दर्ज :** 5 अक्टूबर की सुबह इमरान मेमन निवासी खैरागढ़ द्वारा उक्त शासकीय भूमि पर स्थित पीपल के पेड़ को अपने साथी की सहायता से कटवाने का प्रयास किया गया। ग्रामीणों की आपत्ति के कारण यह प्रयास असफल रहा, किन्तु अगले दिन 6 अक्टूबर की सुबह उक्त पेड़ पूर्णतः कटा हुआ पाया गया। रिपोर्ट पर थाना खैरागढ़ में धारा 298, 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसके खरीदे गए जमीन के सामने शासकीय भूमि पर पीपल का पेड़ स्थित था। उक्त जमीन को अपने भू-भाग के साथ समतल करना चाहता था। इस हेतु उसने प्रकाश कोसरे निवासी लालपुर की सहायता से घटना को अंजाम दिया।

### मवेशियों को हांकते ले जा रहे थे महाराष्ट्र, पुलिस ने दो को पकड़ा

**मोहला।** मवेशियों को मारते-पीटते हांकते हुए महाराष्ट्र कल्लखाना की ओर ले जाने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। आरोपियों से 7 नग मवेशी बरामद किया गया है।
पुलिस सूत्रों के अनुसार चिल्हाटी थाना क्षेत्र अंतर्गत 9 अक्टूबर को मुखबीर सूचना के आधार पर आरोपी नामदेव जनबंधु 35 साल हालमकोडो एवं विनोद रंगारी 26 साल झिटिया से पूछताछ करने पर 7 नग मवेशियों को कत्लखाना महाराष्ट्र ले जाना बताने एवं उक्त आरोपी द्वारा मवेशियों को अपने कब्जे से पेश करने पर जब्त किया गया। प्रकरण के एक अन्य आरोपी नरेश जनबंधु 40 साल मक्के घटनास्थल से पुलिस को देखकर भाग गया है।
**7 मवेशी बरामद-** आरोपियों द्वारा 4 नग भैंस व 3 नग पड़वा कुल 7 नग मवेशियों को मारते-पीटते हांकते हुए बुचड़खाना महाराष्ट्र ले जाते पाए जाने पर आरोपी नामदेव जनबंधु व विनोद रंगारी द्वारा जुर्म स्वीकार करने पर गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया है।

# खिलाड़ियों को मिला राज्य स्तरीय कुश्ती में 5 गोल्ड समेत 6 मेडल

- नगर अध्यक्ष ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में आयोजित राज्य स्तरीय कुश्ती टूर्नामेंट में गंडई क्षेत्र के बच्चों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए पूरे इलाके का नाम चमका दिया है। गंडई के पास स्थित ग्राम पंचायत ठंढार के बालाजी अखाड़े के 7 पहलवानों ने दुर्ग संभाग से चयनित होकर भाग लिया और धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए पांच गोल्ड मेडल और एक सिल्वर मेडल सहित कुल 6 पदक जीते।

युवा पहलवानों ने अपनी श्रेणियों में जबरदस्त दांव-पेंच दिखाते हुए शानदार जीत दर्ज की जिसमें छत्रपति जंघेल 80 केजी गोल्ड मेडल, विनायक चंदेल 82 केजी गोल्ड मेडल, रोहन यादव 60 केजी गोल्ड मेडल, रवि यादव 52 केजी गोल्ड मेडल, भूपेंद्र यादव 45 केजी गोल्ड मेडल, मनसुक गौरी 63 केजी सिल्वर मेडल मिला है।

पहलवान तुषार पोर्ते ने भी पूरी लगन से भाग लिया। कोच मोरध्वज वर्मा ने इन सभी युवा खिलाड़ियों की मेहनत की सराहना करते हुए बताया कि उन्होंने गंडई, ग्राम ठंढार, बाला जी साइंस एंड टेक्नोलॉजी अखाड़ा और पूरे केसीजी जिले का मान बढ़ाया है।



#### अध्यक्ष, पार्षद और अजा मोर्चा ने किया स्वागत

मेडल जीतकर लौटे इन विजयी पहलवानों का गंडई रेस्ट हाउस में स्वागत किया गया। इस सम्मान कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो, पार्षद दिलीप ओगरे, पार्षद तामेश्वर साहू और अजा मोर्चा के जिला अध्यक्ष योगेश सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। पार्षद दिलीप ओगरे ने सभी खिलाड़ियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि वे भविष्य में देश के लिए भी मेडल जीतेंगे।

# निगम कर्मचारियों को नहीं करना पड़ेगा आंदोलन, दीपावली पूर्व मिलेगा वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

इस दीपावली नगर निगम के कर्मचारियों को दीपावली पर्व पर वेतन के लिए संघर्ष नहीं करना पड़ेगा। दीपावली पर्व पर निगम कर्मचारियों को सितंबर माह का वेतन जारी करने और अक्टूबर की माह की अग्रिम राशि देने को लेकर योजना बनाई गई है। त्योहारों के पूर्व वेतन भुगतान को लेकर निगम कर्मचारियों द्वारा अक्सर आंदोलन किया जाता है, इसके बाद वेतन जारी होता है, लेकिन इस बार नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा द्वारा दीपावली त्योहार को देखते हुए त्योहार से पूर्व वेतन भुगतान को लेकर निर्देश दिए गए हैं। जिसके तहत नियमित, मस्टर रोल और प्लेसमेंट कर्मचारियों का वेतन भुगतान किया जाएगा।

कर्मचारियों को माह अंत पर वेतन का भुगतान होता है। इस वर्ष दीपावली त्योहार को देखते हुए सितंबर माह का वेतन भुगतान कर्मचारियों को समय पूर्व किया जाएगा। त्योहार के पहले वेतन भुगतान होने से कर्मचारियों की चिंता दूर होगी। कई बार त्योहार निकट आने पर भी वेतन का भुगतान नहीं होता है। जिसके चलते कर्मचारियों को धरना प्रदर्शन, आंदोलन और हड़ताल तक करना पड़ता है, लेकिन इस वर्ष त्योहार से पूर्व निगम कर्मचारियों को वेतन वितरण कर दिया जाएगा। जिससे त्योहार की खरीदी के लिए कर्मचारियों को बड़ी राहत मिलेगी।




#### अक्टूबर का अग्रिम भुगतान

नगर निगम द्वारा नियमों के अनुसार प्रत्येक माह की 22 तारीख के बाद ही बीते माह का वेतन बनाया जाता है। दीपावली का पर्व 20 अक्टूबर को होने के चलते सितंबर माह के वेतन का भुगतान त्योहार से पहले किया जाएगा। वहीं अक्टूबर माह के वेतन राशि में से कुछ राशि अग्रिम भुगतान के रूप में दी जाएगी।

#### त्योहार पूर्व मिलेगा वेतन

नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि निगम कर्मचारियों को दीपावली त्योहार के पूर्व वेतन दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि नियमित, मस्टर रोल और प्लेसमेंट कर्मचारियों को सितंबर माह का वेतन भुगतान और अक्टूबर माह के वेतन अग्रिम राशि पात्रता अनुसार 10 और 5 हजार रुपए देने का प्रयास करेंगे।

# शहर के 13 केंद्रों में व्यापम की वार्ड ब्वाय व आया भर्ती परीक्षा 12 को

## हल्के रंग के आधी बांह के कपड़े पहनना अनिवार्य

- बगैर मूल पहचान पत्र प्रवेश नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

व्यापम द्वारा वार्ड ब्वाय एवं वार्ड आया भर्ती परीक्षा का आयोजन 12 अक्टूबर को की जा रही है। परीक्षा सुबह 11 से 1.15 बजे तक 13 केन्द्रों में आयोजित है। परीक्षा के नोडल अधिकारी अनिकेत साहू तथा परीक्षा के समन्वयक व प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने केंद्राध्यक्षों तथा पर्यवेक्षकों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

नोडल अधिकारी अनिकेत साहू ने बताया कि यह परीक्षा व्यापम के नए निर्देशों के साथ होगी। परीक्षार्थी अनिवार्य रूप से परीक्षा के 2 घंटे पूर्व परीक्षा केन्द्र में प्रवेश पत्र तथा मूल पहचान पत्र लेकर पहुंचे। 10.30 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षर्थियों की परीक्षा केन्द्र में फ्रिस्किंग की जाएगी। परीक्षार्थियों के लिए व्यापम द्वारा ड्रेस कोड निर्धारित किया गया है।



परीक्षार्थियों को ड्रेस कोड के रूप में हल्के रंग के आधी बांह के कपड़े पहनना अनिवार्य है । फुटवियर के रूप में चप्पल पहनकर ही आएं। परीक्षा में कान के आभूषण प्रतिबंधित है। परीक्षा केन्द्र में इलेक्ट्रानिक उपकरण, इलेक्ट्रनिक धडी, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

समन्वयक डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने कहा कि परीक्षार्थियों के लिए प्रवेश पत्र के साथ मूल पहचान पत्र के रूप में आधार कार्ड, पेनकार्ड, ड्राइविंग लाईसेंस, जैसे किसी एक फोटोयुक्त पहचान पत्र की मूल प्रति लाना अनिवार्य है। उपरोक्त निर्देशों का पालन नहीं किए जाने पर परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उनका प्रवेश पत्र 2025 का ही हो। किसी भी परीक्षार्थी को उनके निर्धारित केन्द्र में ही बैठने की अनुमति होगी। प्रवेश पत्र में दिए गए केन्द्र के अतिरिक्त किसी अन्य केन्द्र में बैठने नहीं दिया जाएगा। ब्रिफिंग सत्र में परीक्षा के सहायक समन्वयक डॉ. शैलेन्द्र सिंह, दीपक परगनिहा रजिस्ट्रार, सहायक नोडल कृष्ण कुमार, सभी केन्द्रों के केन्द्राध्यक्ष तथा समन्वयक केन्द्र एवं नोडल अधिकारी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक एवं रवि साहू उपस्थित रहे।

# वाहन चोरी, आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** दोपहिया वाहन चोरी के मामले में जांच पड़ताल कर रही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। वहीं अन्य मामले में दो आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रार्थी समित कुमार 27 साल निवासी सिनेमा लाइन डोंगरगांव द्वारा 9 अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि अपने घर सिनेमा लाइन डोंगरगांव में रखे मोटर साइकिल बजाज प्लेटिना को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध किया गया। इस मामले में पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर घटना के संबंध में प्रार्थी से विस्तृत पूछताछ कर अज्ञात आरोपी की पतासाजी करते प्रकरण में आरोपी दुर्गेश देवांगन उर्फ मुसुवा को पकड़कर घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा मोटर साइकिल चोरी की उक्त घटना को अंजाम देना स्वीकार किया गया, जिस पर आरोपी दुर्गेश देवांगन उर्फ मुसुवा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की मोटर साइकिल को जब्त कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया।

पुलिस के अनुसार आगामी त्योहार सीजन के मद्देनजर थाना क्षेत्र में उत्पात मचाने वाले असामाजिक तत्वों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर अनावेदक अंगद बारमाटे 40 साल निवासी ग्राम बगदई, आकाश ठाकुर 19 साल निवासी सालिक झिटिया के विरूद्ध धारा-170/126, 135(3) बीएनएसएस के तहत ईस्तगासा तैयार कर एसडीएम न्यायलय में पेश कर जेल भेजा गया है।

# जम्मू की लोक कलाविद प्रो. उषा ने दिया व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

इंदिरा कला संगीत विवि के लोक संगीत विभाग में लोक जीवन में कला जम्मू एवं छत्तीसगढ़ के विशेष संदर्भ में विषय पर व्याख्यान हुआ। कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित व्याख्यान में मुख्य वक्ता जम्मू की लोक कलाविद् प्रो उषा बगाती ने विद्यार्थियों को बताया कि लोक कहीं का भी हो संगीत से अछूता नहीं है।

लोकनृत्य, लोकसंगीत और लोकवाद्य के बिना लोक संस्कार पूरा नहीं होता है। आरूगपन लोक ने ही बचा रखा है। छत्तीसगढ़ का संस्कार गीत हो या जम्मू कश्मीर सहित भारत के अन्य प्रांतों की गीत, सबमें एकरूपता है। विवाह संस्कार में आज भी गीत गाए जाते हैं, नृत्य करते हैं। भाषा और वाद्ययंत्र भले अलग हों, वेशभूषा में भिन्नता हो, लेकिन भाव में एकात्मकता है। बेटी विदा के कारुणिक दृश्य का वर्णन कहीं के लोक गीत में हम सहजता से प्राप्त करते हैं। लोक कलाएं खेत-खलिहानों में बिखरी है आवश्यकता है उन कलाओं को सहेजने की। यह भी सत्य है कि वर्तमान के चकाचौंध में इन कलाओं की मुहाने पर आघात हो रहा है। उपभोक्तावादी संस्कृति ने हमारी पारंपरिक कलाओं को प्रभावित किया है इसलिए इन कलाओं का संरक्षण आवश्यक है।



#### लोककला वीणा के तार की तरह

लोक संगीत व कला संकाय अधिष्ठाता प्रो राजन यादव ने शॉल, सहायक प्राध्यापक डॉ दीपशिखा पटेल ने श्रीफल भेंट कर प्रो उषा बगाती का स्वागत किया। प्रो राजन यादव ने कहा कि लोककला वीणा के तार की तरह है, एक छोर को छू देने से पूरा तार झनझना उठता है। उसी प्रकार हमारे लोक में प्रचलित लोकसंगीत, लोक संस्कार, लोक परम्पराएँ हैं। प्रो. बगाती ने सरलतम ढंग से प्रभावकारी शैली में विषयगत जानकारी दी है वह अति महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में विभाग के अतिथि शिक्षक डॉ राजकुमार पटेल, डॉ विधा सिंह राठौर, डॉ परमानंद पांडेय, शोध सहायक डॉ बिहारी लाल तारम, संगतकार डॉ नत्थू तोड़े, रामचन्द्र सर्पे सहित शोधार्थी व विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन व आभार प्रदर्शन डॉ दीपशिखा पटेल ने किया।


SHRI KHATU SHYAM JYOTISH
15 वर्षों से आपकी सेवा में
प्रतिक्षा कक्ष
प्रतिक्षा कक्ष
पूजा स्थान
परामर्श कक्ष
श्री खाटू श्याम ज्योतिष
जन्म कुण्डली विशेषज्ञ
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ
पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री
मोहनी स्पेशलिस्ट
हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"
ऑफिस आने पर मात्र ₹101/- फोन से परामर्श केवल ₹251/-
व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना
जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान
पं. एस. के. शास्त्री
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ
जन्म पत्रिका बनाई जाती है
• नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
• व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
• मकान - संतान योग
• दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
• कालसर्प दोष निवारण
• प्रेम विवाह, मोहनी
• मांगलिक दोष निवारण
बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060
असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें
नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।
पोलसाय पारा चौक के पास, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)
संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +919755964567

# ये कैसा सिस्टम : पति के मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए महिला ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सरकारी दफ्तरों में कार्य को टालने की आदत, सिस्टम की लचर व्यवस्था किस कदर लोगों को शारीरिक और मानसिक रूप से थकाकर परेशान कर देती है, इसका ताजा उदाहरण सामने आया है।

अपने पति के मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए एक महिला को दर-दर भटकना पड़ा। थक हारकर उसे अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के लिए मजबूर होना पड़ा।

दुर्ग जिले के ग्राम सिलोदा में रहने वाले संतोष ठाकुर की मृत्यु के बाद उनकी पत्नी उषा ठाकुर अपने पति का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए पिछले पांच माह से दफ्तरों की खाक छान रही है। कभी उसे इस दफ्तर भेजा जाता, तो कभी उस दफ्तर। ऐसे में वह चक्कर काटकर थक गई और उसने अपने पति का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने मजबूर होना पड़ा। कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने आज सुबह वह दुर्ग जिला पंचायत सभापति प्रिया साहू के साथ धरने पर बैठ गई।

## पांच माह से दफ्तरों की खाक छान रही थी महिला

### प्रमाण पत्र नहीं होने से वंचित

अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में बैठी मृतक की पत्नी उषा ठाकुर ने कहा कि वह 5 माह से अपने पति के मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए दफ्तरों के चक्कर काट रही है। उन्होंने बताया कि पति टॉपवर्थ समूह में काम करते थे। अब उनके मृत्यु के बाद उन्हें नौकरी देने की पेशकश की गई है, लेकिन बिना मृत्यु प्रमाण पत्र के नौकरी नहीं मिल रही है। वहीं उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर दी जाने वाली राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना से 20 हजार की राशि भी मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं होने के चलते नहीं मिल पाई है।




### देर रात को बना प्रमाण पत्र

महिला को लगभग 5 माह से मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए घुमाया जाता रहा, लेकिन जब उसने सिस्टम की लाचारी से थककर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी तो देर रात अनन-फानन में मृत्यु प्रमाण पत्र भी बन गया।

### रिजेक्ट किया गया फार्म

डोंगरगढ़ के शासकीय अस्पताल में पति की मौत के बाद उषा ने मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया, तब लगभग 2 महीने बाद उसका फॉर्म रिजेक्ट कर यह बताया गया कि इस फार्म में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के हस्ताक्षर नहीं थे, इस वजह से मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बन पाया। इसके बाद उन्होंने दोबारा आवेदन किया फिर भी मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बन पाया।

### हार्टअटैक से हुई थी मौत

बीते मई माह में डोंगरगढ़ क्षेत्र के लेडजोब में संतोष ठाकुर का परिवार शादी समारोह में शामिल होने गया था। इस दौरान हार्टअटैक से संतोष ठाकुर की मौत हो गई। जिसका पोस्टमार्टम डोंगरगढ़ के अस्पताल में किया गया। ऐसे में उसका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए कभी डोंगरगढ़ शासकीय अस्पताल तो कभी राजनांदगांव सांख्यिकी विभाग में भेजा जाता रहा।

## सार समाचार

### एसपी ने किया रक्षित केन्द्र का निरीक्षण

**मोहला।** पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह ने रक्षित केंद्र मोहला का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान निरीक्षण परेड में शामिल हुए 155 अधिकारी-जवान परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक ने सलामी दी। पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह ने 10 अक्टूबर को रक्षित केंद्र मोहला का वार्षिक निरीक्षण किया।



पुलिस परेड ग्राउंड रक्षित केंद्र मोहला में आयोजित वार्षिक निरीक्षण परेड में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पीतांबर पटेल, उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) नेहा पवार, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मानपुर प्रशांत कुमार सिंह पैकरा, उप पुलिस अधीक्षक नोहरलाल मंडावी सम्मिलित हुए।

**कर्मचारी पुरस्कृत किए गए-** निरीक्षण परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक भुनेश्वर कश्यप द्वारा पुलिस अधीक्षक को सलामी दी गई। निरीक्षण परेड में 155 अधिकारी-जवान उपस्थित हुए। पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह भापुसे द्वारा आयोजित वार्षिक निरीक्षण परेड का निरीक्षण किया गया। साफ-सुथरी व अच्छा टर्नआउट पहने अधिकारी-कर्मचारियों को पुरस्कृत किए। मोटर वाहन शाखा के वाहनों के रखरखाव एवं वाहनों के समय पर सर्विसिंग तथा वाहन चालकों को वाहन में फर्स्ट एड बॉक्स आवश्यक दवाओं के साथ रखने हिदायत दी। परेड निरीक्षण के बाद गुजारिश सुनने दरबार आयोजित की गई।

### चाकू लेकर डराने वाला पकड़ाया

**राजनांदगांव।** सार्वजनिक स्थान पर अवैध रूप से धारदार चाकू को लेकर लहराकर डराने-धमकाने वाले आरोपी को लालबाग पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर पकड़ा। पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत 10 अक्टूबर को पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति ग्राम रामपुर में दुर्गा मंच के पास सार्वजनिक स्थान पर अपने हाथ में अवैध रूप से धारदार चाकू लेकर लहरा रहा है। सूचना पर पुलिस मुखबीर के बताए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी करने पर वह व्यक्ति पुलिस को देखकर भाग रहा था, जिसे मौके पर पकड़कर धारदार चाकूनुमा हथियार को बरामद अभिरक्षा में लेकर कार्रवाई करते आरोपी ओंकार ठाकुर 27 साल निवासी रामपुर के कब्जे से धारदार चाकूनुमा हथियार जब्त कर आरोपी के विरूद्ध 25, 27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

### 12 को व्यंजन प्रदर्शनी का आयोजन

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर आयुष विभाग द्वारा 12 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से मंगल भवन शासकीय प्राथमिक शाला मैदान वार्ड क्र. 3 मोतीपुर में एक दिवसीय जिला स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला एवं व्यंजन प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। इस आयुष स्वास्थ्य मेला में सर्दी, खांसी, बुखार, खून की कमी, शरीर व हाथ-पैरों में दर्द, पेट संबंधी समस्या, चर्मरोग, कमजोरी तथा विशेष रूप से महिलाओं व बच्चों को होने वाले रोगों का निःशुल्क चिकित्सा निदान और औषधियों का वितरण किया जाएगा। मेला में नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर शिविर का लाभ लेने की अपील की गई है।

**विधानसभा अध्यक्ष होंगे शामिल-** आयुष स्वास्थ्य मेले के आयोजन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह उपस्थित रहेंगे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद संतोष पांडे करेंगे। विशिष्ट अतिथि महापौर मधुसूदन यादव, निगम अध्यक्ष पारस वर्मा, स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य शैंकी बग्गा, लोक कर्म विभाग के प्रभारी सदस्य सावन वर्मा, पार्षद कमलेश बंदे, पार्षद मनोहर यादव संहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

### 1 नवंबर से की जाए धान खरीदी प्रारंभ : अंजली

**राजनांदगांव।** जनपद पंचायत सदस्य छुरिया अंजली रामगुलाल घावड़े ने किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते 1 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ करने की मांग की है।



उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में किसानों की हरुना किस्म की धान की फसल पककर तैयार हो जाएगी। ऐसे में यदि समय पर खरीदी शुरू नहीं की गई तो किसानों को भंडारण एवं परिवहन की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। श्रीमती घावड़े ने शासन-प्रशासन एवं राज्य सरकार से निवेदन किया है कि किसानों की मेहनत का उचित मूल्य उन्हें समय पर मिले, इसके लिए धान खरीदी प्रक्रिया 1 नवंबर से प्रारंभ की जाए। उन्होंने कहा कि समय पर खरीदी से किसानों को राहत मिलेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी।

### विनू मांकड ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ की प्रभावशाली जीत

**राजनांदगांव।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा आयोजित अंडर-19 की प्रतिष्ठित प्रतियोगिता विनू मांकड ट्रॉफी के एलीट ग्रुप के पहले मुकाबले में छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते चंडीगढ़ को 6 विकेट से पराजित किया।



टीम की जीत में कप्तान विकल्प तिवारी ने गेंद और बल्ले दोनों से अहम भूमिका निभाई। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी चंडीगढ़ की टीम छत्तीसगढ़ के अनुशासित गेंदबाजी आक्रमण के सामने टिक नहीं सकी और मात्र 41.3 ओवर में 149 रन पर ढेर हो गई। चंडीगढ़ की ओर से युवराज सिंह ने 42 और गगनप्रीत सिंह ने 25 रन का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ की ओर से कप्तान विकल्प तिवारी ने 10 ओवर में 26 रन देकर 3 विकेट झटके। जबकि रुद्रप्रताप ने भी 7 ओवर में इतने ही रन देकर 3 विकेट हासिल किए।

**कप्तान ने किया कमाल**

150 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ की टीम ने जीत का लक्ष्य 32 ओवर में 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया। सलामी बल्लेबाज बालाजी राव ने 26 रन और तेजस मोरे ने सर्वाधिक 44 रन की पारी खेली।

कप्तान विकल्प तिवारी ने नाबाद 40 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई और अपने हरफनमौला खेल का शानदार प्रदर्शन किया।

**मैन ऑफ द मैच बने विकल्प**

गेंदबाजी में 3 विकेट और बल्लेबाजी में नाबाद 40 रन के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विकल्प तिवारी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। उनके नेतृत्व में टीम ने न केवल शानदार शुरूआत की, बल्कि टूर्नामेंट में मजबूत संदेश भी दिया। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

## कलेक्टर ने बारदाने की उपलब्धता के संबंध में ली जानकारी

# धान बिक्री करने वाले किसानों के लिए उपलब्ध कराए सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान खरीदी के लिए आरंभिक तैयारी के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जारी निर्देश अनुसार किसानों का नवीन पंजीयन तथा पंजीकृत फसल व रकबे में संशोधन की कार्रवाई की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर तक पूर्ण की जाएगी। शासन के निर्देशों के तारतम्य में कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने धान उपार्जन केन्द्रों में धान की बिक्री करने पहुंचने वाले किसानों के लिए आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि धान विक्रय के इच्छुक कृषकों को अनिवार्य रूप से एग्रीस्टैक पोर्टल एवं एकीकृत किसान पोर्टल दोनों पर पंजीयन कराना होगा। धान के रकबे का तहसील एवं जिला स्तर के अधिकारियों द्वारा पीवी एप के माध्यम से भौतिक सत्यापन कराया जाएगा। खरीद कार्यों में पारदर्शिता के लिए गत वर्ष की तरह खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में भी आधार आधारित बायोमेट्रिक खरीद प्रणाली लागू रहेगी। किसान स्वयं या उनके द्वारा पंजीकृत नामिनी (परिवार के नामित सदस्य व करीबी रिश्तेदार) के माध्यम से बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण द्वारा धान विक्रय कर सकते हैं। इसके लिए किसान पंजीयन अवधि के दौरान नॉमिनी का पंजीयन कराना आवश्यक है। बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण विफल होने की संभावित स्थितियों के निराकरण हेतु प्रत्येक खरीदी केंद्र पर कलेक्टर द्वारा विश्वसनीय व्यक्ति की नियुक्ति की जाएगी।

### तैयारियों के संबंध में दिए निर्देश



कलेक्टर यादव ने बारदाने की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने धान उपार्जन केंद्र में गेट एवं फेंसिंग, सुगम पहुंच मार्ग और खरीदी एवं संग्रहण हेतु पर्याप्त स्थान की व्यवस्था करने कहा। उन्होंने धान खरीदी इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्र की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी केंद्रों में नमी की जांच हेतु आद्रतामापी यंत्र चालू अवस्था में रखे जाए और उनका कैलीब्रेशन धान खरीदी प्रारंभ होने से पूर्व करने के लिए कहा। विद्युत व्यवस्था, इंटरनेट कनेक्टिविटी, चालू हालत में कम्प्यूटर सेट, प्रिंटर, यूपीएस एवं जनरेटर की व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। धान उपार्जन केंद्र स्तर पर धान के सुरक्षित संग्रहण हेतु आवश्यक संख्या में पॉलिथीन कवर और डेनेज सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने कहा। धान उपार्जन केंद्रों में पर्याप्त संख्या में कर्मचारी एवं श्रमिकों की व्यवस्था करने के लिए कहा।

## करवा चौथ...



**राजनांदगांव।** करवा चौथ पर्व पर सौभाग्यवती महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर किए चांद के दर्शन।

# मवेशी तस्करी, मुख्य आरोपी पकड़ाया

**राजनांदगांव।** छुरिया पुलिस ने मवेशी तस्करी के मामले में जांच पड़ताल करते मुख्य आरोपी को पकड़कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार छुरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत 9 अक्टूबर की रात्रि छत्तीसगढ़ से महाराष्ट्र सीमा पार करने जा रही महिंद्रा पिकअप को थाना छुरिया स्टाफ द्वारा ग्राम भकुर्रा के पास रोककर पकड़ा गया था। जिसमें वाहन का मालिक, चालक मवेशी भरे वाहन से मौका पाकर वाहन से कूदकर रात्रि के अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया था।



**पुलिस ने की कार्रवाई :** वाहन में बैठा हेलफर पकड़ा गया था। मामले में थाना छुरिया में धारा–4, 6, 10 क्ष.ग. कृ. प.परि.अधि, 11 पशु क्रू. अधि. का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया था। गिरफ्तार हेल्फर संदीप जब्बार मरई को पूर्व में न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। प्रकरण में फरार आरोपियों की पता तलाश किया जा रहा था। मुख्य आरोपी वाहन मालिक, चालक डोमेश उर्फ पप्पू मालघाटी 28 वर्ष निवासी ग्राम ककोड़ी, महाराष्ट्र को उसके निवास पर जाकर पतासाजी कर पकड़कर थाना लाया गया। आरोपी से पूछताछ एवं विवेचना पर आरोपी द्वारा अपराध घटित के साक्ष्य पाए जाने से 10 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया। पशु तस्करी के अपराध में संलिप्त अन्य व्यक्तियों की पता तलाश किया जा रहा है।

# गायनिक ऑपरेशन थियेटर आगामी आदेश तक सील

## ईलाज के दौरान महिला की मृत्यु का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार जिला मुख्यालय राजनांदगांव स्थित निजी चिकित्सालय शुक्ला मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल राजनांदगांव में ग्राम रिवागहन जिला बालोद निवासी मरीज दौपदी साहू को 24 सितम्बर 2025 को भर्ती किया गया था। जिसके बाद मरीज के बच्चेदानी का ऑपरेशन किया गया। मरीज को टांका खुलवाने 6 अक्टूबर 2025 को दोपहर 3.50 बजे भर्ती किया गया था। जिसकी ईलाज के दौरान 9 अक्टूबर 2025 को सुबह 11.30 बजे मृत्यु हो गई। मरीज की मृत्यु के पश्चात मरीज के परिजनों द्वारा मरीज के ईलाज में लापरवाही होने के कारण मृत्यु होने का आरोप लगाते अस्पताल परिसर का घेराव किया गया।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन एवं टीम ने मरीज के परिजनों से बात की एवं शुक्ला मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल की जांच की गई। 9 अक्टूबर 2025 को ही विशेषज्ञों की पांच सदस्यीय जांच टीम का गठन कर सात दिवस के भीतर घटना की जांच कर अभिमत सहित जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

### निरीक्षण कर लिया सेंपल

जिला स्तरीय गठित जांच दल द्वारा 10 अक्टूबर को शुक्ला मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल पहुंचकर सबसे पहले गायनिक ऑपरेशन थियेटर का निरीक्षण कर क्लचर जांच हेतु सैंपल लिया गया है, जिसे जांच हेतु एआईआईएमएस रायपुर हेतु भेजा जाएगा। सैंपल लेने के बाद शुक्ला मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के गायनिक ऑपरेशन थियेटर को आगामी आदेश तक के लिए सील किया गया है। जिसके पश्चात मरीज दौपदी साहू के ऑपरेशन में शामिल तीनों डॉक्टरों एवं सहायक दो ओटी स्टॉफ का बयान लिया गया एवं मरीज के ईलाज की समस्त दस्तावेजों की फोटोप्रति जांच दल द्वारा आगामी जांच हेतु लिया गया है। शुक्ला मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल राजनांदगांव के विरूद्ध प्राप्त शिकायत की जांच प्रक्रियाधीन है। जिला स्तरीय गठित जांच दल द्वारा प्राप्त शिकायत की जांच कर अभिमत सहित जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किए जाने पर संबंधितों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# जमीन पर अवैध कब्जा, प्रशासन मौन, कोर्ट का आदेश बेअसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान



ग्राम पंचायत श्यामपुर से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक व्यक्ति वर्षों से अपनी ही जमीन के लिए न्याय की लड़ाई लड़ रहा है। दबंगई के बल पर गांव के ही मोहन गोंड ने खसरा नंबर 58 की 20 डिसमिल निजी जमीन पर कब्जा कर लिया है। यह जमीन असल में शंकर राम ठेठवार की है, जिन्होंने तहसील से लेकर हाईकोर्ट तक इस भूमि पर अपने स्वामित्व का हक कानूनी रूप से साबित किया है।

शंकर राम ठेठवार ने तहसीलदार, एसडीएम, दुर्ग कमिश्नर और हाईकोर्ट सभी से अपने पक्ष में निर्णय प्राप्त किया हैं। बावजूद इसके, ग्राम पंचायत श्यामपुर के निवासी मोहन राम ने न केवल जमीन पर दोबारा कब्जा कर लिया बल्कि उस जमीन पर पक्का मकान भी बना लिया है। तहसीलदार के आदेश पर 21 मार्च 2016 को पहली बार प्रशासनिक टीम ने कब्जा हटाया था। इसके बाद 3 सितंबर 2016 और 24 सितंबर 2019 को भी पुलिस बल की मौजूदगी में कब्जा हटाया गया, लेकिन हर बार मोहन राम ने दोबारा जमीन पर कब्जा कर लिया। इतना ही नहीं, उसने हाईकोर्ट में दो बार याचिका दायर की, जिन्हें अदालत ने सख्ती से खारिज कर दिया। इसके बावजूद, आज भी वह भूमि पर काबिज है।

### प्रशासनिक कार्यशैली पर सवाल

जब एक व्यक्ति को तहसील, एसडीएम, कमिश्नर और हाईकोर्ट तक से न्याय मिल चुका है, तो उसे अपनी ही जमीन पर कब्जा क्यों नहीं मिल पा रहा? क्या यह प्रशासन की कमजोरी है या अवैध कब्जाधारी की दबंगई? पीड़ित शंकर राम ठेठवार ने हाल ही में कलेक्टर को आवेदन देकर स्थायी समाधान की मांग की है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस बार न्यायिक आदेशों का पालन कराता है या फिर यह मामला यूं ही चलता रहेगा।

# महावीर वार्ड को दीपावली का उपहार

**राजनांदगांव।** वार्ड क्र. 37 महावीर वार्ड में बाबा रामदेव मंदिर के पास सीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन शुक्रवार दोपहर डेढ़ बजे महापौर मधुसूदन यादव के आतिथ्य में संपन्न हुआ।



कार्यक्रम में महापौर यादव ने कहा कि नगर में अधोसंरचना विकास का कार्य सामूहिक प्रयासों से तेजी से आगे बढ़ रहा है। नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है। इस सड़क निर्माण से स्थानीय रहवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि पार्षद का दायित्व है कि वे अपने क्षेत्र के विकास कार्यों के साथ जनता की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर सक्रिय रहे। पार्षद जैनम बैद इसी दिशा में समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं, जो प्रशंसनीय है।

पार्षद बैद ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पांडेय और महापौर मधुसूदन यादव का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि वार्ड में सड़क निर्माण से पहले ही कई विकास कार्य पूरे हो चुके हैं। इनमें पिंक टायलेट निर्माण, सड़क डामरीकरण, नाली-नाला की सफाई और निर्माण कार्य शामिल हैं। उन्होंने कहा कि आज का यह भूमिपूजन वार्डवासियों के लिए दीपावली का उपहार है।

# शहीद पुलिस कर्मियों के परिजनों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ राज्य से वर्षगांठ के तारतम्य में शासन द्वारा ''रजत जयंती'' महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। रजत जयंती महोत्सव के दौरान शासन के सभी विभागों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है।

जिसके अंतर्गत गृह विभाग को भी ''शहीदों को समर्पित कार्यक्रम'' के तहत सम्मानित किया जाना है। जिसके मद्देनजर जिला राजनांदगांव में निवासरत कुल 33 शहीद परिवारों का कुशलक्षेम की जानकारी प्राप्त कर ''रजत जयंती'' अवसर पर सम्मानित किया गया। जिले के निवासी शहीद पुलिस अधिकारी-कर्मचारी जो स्कूल-कॉलेजो में पढ़ाई किए हैं, इस स्कूल-कॉलेज में जाकर अध्यापकों व विद्यार्थियों के साथ उनके शहादत को याद करते पुष्पाजंलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।





## खबर संक्षेप

### पिछड़ा वर्ग आयोग की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक 14 को आमंत्रित

**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरूराम निषाद, उपाध्यक्ष चंद्रकांति वर्मा द्वारा जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक का आयोजन 14 अक्टूबर 2025 दोपहर 12:00 बजे किया जाएगा। बैठक में शासन के समस्त विभागों द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग के हितार्थ संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समीक्षा की जाएगी।

# जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों निर्माण व उन्नयन के लिए मिली 5 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति

- वनांचल और बैगा बाहुल्य क्षेत्रों में सुदृढ़ होगी स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था : डिप्टी सीएम विजय शर्मा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में कबीरधाम जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई है। उपमुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से जिले के दो स्वास्थ्य केन्द्रों के भवन निर्माण और उन्नयन के लिए 5 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति राज्य शासन द्वारा प्रदान की गई है। इस स्वीकृति में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिपरिया के लिए 2 करोड़ 50 लाख तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तरेगांव जंगल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उन्नयन करने के लिए 2 करोड़ 50 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। यह स्वीकृति मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के सहयोग और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के सतत प्रयासों से संभव हुई है। स्वास्थ्य केन्द्रों के लिए स्वीकृत राशि से होने वाले निर्माण और उन्नयन कार्यों के पूर्ण होने पर जिले के वनांचल एवं बैगाबाहुल्य क्षेत्रों, विशेषकर तरेगांव जंगल और पिपरिया के नागरिकों को सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त होंगी। अब ग्रामीणों को उपचार एवं आपातकालीन सेवाओं के लिए दूरस्थ क्षेत्रों की यात्रा नहीं करनी पड़ेगी। इन क्षेत्रों में नए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवनों के निर्माण से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, टीकाकरण कार्यक्रम, रोग-निदान, प्रसव सुविधा, आपात चिकित्सा सहायता, दवा वितरण एवं जांच सेवाओं का दायरा विस्तारित होगा। इससे क्षेत्र की जन-स्वास्थ्य व्यवस्था अधिक सशक्त और प्रभावी बनेगी। उप-मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने राज्य शासन स्तर पर जिले के वनांचल व जनजातीय बहुल क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की सुदृढ़ता के लिए लगातार प्रयास किए। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से जिले के दुर्गम अंचलों में आधुनिक चिकित्सा सुविधा केंद्रों की स्थापना के लिए विशेष आग्रह किया था। शासन द्वारा जारी यह स्वीकृति उन्हीं जनहितकारी प्रयासों का परिणाम है। उप-मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार का लक्ष्य है कि हर नागरिक को उसके अपने गांव-क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार जनजातीय और वनवासी अंचलों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और स्वास्थ्य, शिक्षा तथा आधारभूत संरचना के क्षेत्र में लगातार ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। नए भवन के निर्माण से जिले में स्वास्थ्य अधोसंरचना को नई दिशा मिलेगी। आधुनिक चिकित्सा भवनों के निर्माण से चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ को बेहतर कार्य वातावरण मिलेगा, जिससे सेवा वितरण की गुणवत्ता में सुधार होगा। साथ ही रोगी सेवाओं की उपलब्धता में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। जिले में यह स्वीकृति न केवल स्वास्थ्य क्षेत्र के सशक्तिकरण की दिशा में कदम है, बल्कि यह शासन की जनहित जनकल्याण और सर्वसमावेशी विकास के प्रति प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण भी है।

### क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने जताया आभार

जिले के दो स्वास्थ्य केन्द्रों के भवन निर्माण और उन्नयन के लिए 5 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति की जानकारी मिलते ही जिले के तरेगांव जंगल और पिपरिया सहित आसपास के गांवों में प्रसन्नता की लहर दौड़ गई है। ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रति हर्ष और आभार व्यक्त किया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि क्षेत्र में सुदृढ़ स्वास्थ्य ढांचे की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, अब इस स्वीकृति से स्वास्थ्य सुविधाओं में व्यापक सुधार होगा।

## सौगात : जनता की सुविधाओं हेतु अधोसंरचना निर्माण की मिली बड़ी सौगात

# विधायक भावना ने किया 49 लाख रुपए से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाण्डातराई

ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत परिवारों की सेवा एवं सुविधा के लिए पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा निरंतर विकास कार्यों की सौगात क्षेत्रवासियों को दी जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने 49 लाख 52 हजार रुपए के विभिन्न विकास एवं अधोसंरचना निर्माण कार्यों का भूमिपूजन कर क्षेत्रवासियों को बधाई दी। इस दौरान उन्होंने गोरखपुर खुर्द, बनिया, डुमरिया, मजगांव एवं रणजीतपुर में सीसी रोड, पुलिया निर्माण, भवन एवं विद्यालय में अतिरिक्त कक्ष निर्माण जैसे विभिन्न विकास व अधोसंरचना निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर पंडरिया विधायक श्रीमती बोहरा ने कहा कि यह विकास कार्य ही समृद्ध पंडरिया की आधारशिला है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में उपेक्षित पंडरिया विधानसभा डबल इंजन भाजपा सरकार के सुशासन में निरंतर विकास पथ पर अग्रसर हो रहा है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत परिवारों के जीवन को सुगम बनाने और उनकी समस्याओं का निराकरण मूलभूत सुविधाओं, विकास व अधोसंरचना निर्माण कार्यों, स्वच्छता, सौन्दर्यीकरण एवं अति-आवश्यक जरूरतों सड़क, बिजली, पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित हो रही है। आज गांव-गांव में प्रकाश व्यवस्था से हर गली रौशन हो रही है। पंडरिया विधानसभा में निरंतर विकास कार्यों की सौगात मिल रही है। विकास कार्य जमीनी स्तर पर दिखाई दे रहें हैं वहीं केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ आम जनता को मिल रहा है।

### प्रदेश में पूर्ण पारदर्शिता के साथ विकास व अधोसंरचना निर्माण के कार्य तेजी हो रहें हैं



विधायक ने कहा कि आज प्रदेश में पूर्ण पारदर्शिता के साथ विकास और अधोसंरचना निर्माण के कार्य तेजी से पूरे किए जा रहें हैं और साधन एवं संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित होने से ग्रामीण क्षेत्रों की आर्थिक प्रगति सुनिश्चित हुई है। हमें पूरा विश्वास है कि आज इन सभी विकास कार्यों से ग्रामवासियों को सुविधा मिलेगी और हमारा लक्ष्य एवं प्रयास भी यही है कि जनता की समस्याओं का समाधान कर विकास व उनका सशक्तिकरण करना। आज महिला, युवा, किसान और वृद्धजन सबके सशक्तिकरण एवं सम्मान के लिए योजनाओं का क्रियान्वयन हो रहा है, जिससे उनके जीवन में आए सकारात्मक परिवर्तन स्पष्ट रूप से दिख रहे हैं। यह सभी योजनाएं और निर्माण कार्य ग्रामीण क्षेत्रों के विकास एवं जनता की सुविधाओं का विस्तार करने में बहुमूल्य भूमिका निभा रहे हैं और आने वाले समय में भी हम जनता की सुविधा और क्षेत्र की प्रगति के लिए अपने प्रयासों को निरंतर जारी रखेंगे।

# दीपावली त्यौहार के पहले किसानों की लंबित भुगतान किया जाए: दिनेश पाण्डेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव



पंडरिया स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल शक्कर कारखाना में किसानों द्वारा बेचे हुए गन्ना फसल की भुगतान के लिए लगातार मांग कर रहे हैं, लेकिन आज पर्यन्त तक गन्ना फसल की लंबित राशि का भुगतान नही किया गया। जिस पर ग्रामीण किसानों ने शासन प्रशासन व जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने तथा दीपावली त्यौहार में किसानों को पैसे की आवश्यकता होता है। वहीं जल्द से भुगतान की मांग की गई। जिस पर दिनेश पाण्डेय ने बताया कि गन्ना किसानों की लंबित राशि का भुगतान नही होने से साहूकार से पैसा उधार तथा ब्याज पर लेने मजबूर है। जिस पर क्षेत्रवासी ग्रामीण किसानों ने शासन प्रशासन से मांग कर जल्द से जल्द गन्ना फसल की लंबित राशि का भुगतान किया जाने की अपील की गई। जिससे दीपावली पर्व धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा सकें। ग्रामीणों ने बताया कि बड़ी मेहनत व खून-पसीना एक कर एक-एक पैसा के लिए मेहनत करते रहते हैं एवं फसल उगाते हैं वहीं आज अपने मेहनत से कमाए हुए गन्ना फसल के पैसे के लिए किसान मोहताज है वहीं ग्रामीण किसान अपने आप को ठगा महसूस कर रहा है।

## वरिष्ठ भाजपा नेता का मनाया जन्मदिन



**हरिभूमि कुण्डा।** वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व जनपद सदस्य एवं सोसायटी अध्यक्ष रामकुमार चंद्राकर का भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने 63वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया तथा बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को रामकुमार चंद्राकर का 63वां जन्मदिन को यादगार बनाने प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा आलोक सिंह ठाकुर, जिला मंत्री भाजपा सुरेश दुबे, प्रदेश कार्यसमिति किसान मोर्चा दिनेश मिश्रा, प्रदेश कार्यसमिति ओबीसी मोर्चा रामस्वरूप साहू, जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा भुनेश्वर चंद्राकर, मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी, महामंत्री मनहरण साहू, प्रदेश विस्तारक संतोष चंद्रवंशी, जिला सदस्य गौ-सेवा आयोग मनोज ठाकुर, मंडल कोषाध्यक्ष एवं गौ-आयोग विकासखंड समिति पंडरिया सदस्य गणेश यादव, मण्डल अध्यक्ष किसान मोर्चा परमेश्वर साहू, भाजपा कार्यकर्ता सूरज यादव, महामंत्री किसान मोर्चा रामफल यादव, शशांक शर्मा, प्रताप चंद्रसेन, नरेश साहू, सरपंच अंतरिया तहसील अध्यक्ष साहू संघ श्रवण साहू, क्षत्रिय कुर्मी समाज युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष मुरली चंद्राकर, राहुल चंद्राकर, सरपंच लक्ष्मण चंद्राकर, जितेंद्र निर्मलकर सहित कार्यकर्ताओं ने केक काटकर मनाया गया। श्री चंद्राकर को पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, मनीष बोहरा, जिलाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी ने फोन पर जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# पति के दीर्घायु के लिए महिलाओं ने रखी निर्जला करवा चौथ व्रत



- देवी पार्वती-शंकर का उपवास रहकर विधि-विधान से पूजा अर्चना की गई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव सहित आसपास के ग्रामीण एवं क्षेत्रों में विवाहित महिलाओं द्वारा अपने पति की दीर्घायु एवं अच्छे स्वास्थ्य के कामना के लिए करवा चौथ व्रत रखकर देवी पार्वती-शंकर की विधि विधान से पूजा-अर्चना कर सुख, शांति, समृद्धि एवं अपने घर की खुशहाली के लिए कामना करते हुए देवी पार्वती-शिव शंकर का उपवास रखकर पूजा अर्चना की गई। जिस पर महिलाओं द्वारा सुबह से ही करवा चौथ व्रत रहकर महिलाओं ने सुबह से ही तैयारियों में जुट गई थी। बताया जाता है कि इस दिन विवाहित महिलाएं सुबह से चंद्रमा के निकलते तक निर्जला व्रत रखती है और चंद्रमा निकलते ही महिलाएं शाम को चंद्रमा को अर्ध्य देकर और छलनी से चंद्रमा को देखने के बाद पति के हाथों पानी पीकर व्रत खोलती है और उसके बाद बाबा भोलेनाथ पार्वती माता से अपने पति की दीर्घायु एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए बाबा भोलेनाथ पार्वती मैया से आशीर्वाद मांगा।

# तहसील साहू संघ कुण्डा के निर्विरोध अध्यक्ष श्रवण साहू व भानुमती उपाध्यक्ष, कार्यकर्ताओं में उत्साह





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा

ग्राम कुण्डा में साहू समाज ने बैठक आहुत कर तहसील कुण्डा साहू संघ का गठन कर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व महामंत्री एवं संरक्षक की नियुक्ति की गई। वहीं सोमवार को स्थानीय रूर्बन भवन में तहसील साहू संघ कुण्डा का चुनाव सपन्न हुआ। जिसमें प्रदेशाध्यक्ष डॉ नीरेंद्र साहू, जिला साहू संघ अध्यक्ष पतिराम साहू के मार्गदर्शन में तहसील साहू संघ कुंडा की नव-नियुक्त अध्यक्ष का चयन समिति द्वारा शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ।

जिसमें चयन समिति में मंडल अध्यक्ष एवं सभी सामाजिक बंधुओं द्वारा निर्विरोध तहसील साहू संघ कुण्डा का अध्यक्ष श्रवण साहू, संरक्षक पूर्व शिक्षक सुधाराम साहू, पूर्व जनपद सदस्य जोतराम साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष लालाराम साहू एवं श्रीमती भानुमती साहू को उपाध्यक्ष की कमान सौंपा। वही वेदराम साहू को कोषाध्यक्ष एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य माधुरी साहू को महामंत्री हेतु चयन किया गया। पूर्व महामंत्री तहसील साहू संघ पंडरिया भागीरथी ने बताया की श्रवण कुमार साहू ने पूर्व में समाज के चिकित्सा प्रकोष्ठ अध्यक्ष, तहसील साहू संघ पंडरिया अध्यक्ष व संरक्षक के रूप में अनेको पद में रहकर समाज सेवा दिया। उन्हीं सेवा का परिणाम पंडरिया तहसील विभाजन होने के बाद कुण्डा तहसील का प्रथम अध्यक्ष का दायित्व मिला।

कुण्डा तहसील साहू संघ अध्यक्ष बनने से क्षेत्र के साहू समाज में भारी उत्साह व खुशी का माहौल हैं। उक्त चयन समिति प्रभारी विष्णु साहू, गोपाल साहू, गजपाल साहू, जवाहर साहू, नरेश साहू, शत्रुहन साहू, घनश्याम साहू, अशोक साहू, श्रीमती नंदनी साहू, महेश्वर साहू, धर्मराज साहू, सुदर्शन साहू, जलेश्वर जल्लू साहू, युगल किशोर साहू, सुधाराम साहू, रामकुमार साहू, गोविंद साहू, लालाराम साहू, रामस्वरूप साहू, गीताराम साहू, देवचंद्र साहू एवं प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, तहसील मंडल, ग्रामीण पदाधिकारीगण एवं समस्त प्रकोष्ठ पदाधिकारी एव बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित थें।

## हाई स्कूल कोलेगांव में सामाजिक अंकेक्षण आयोजित



**हरिभूमि कोलेगांव।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता वर्ष के तहत शासकीय हाई स्कूल कोलेगांव में प्रथम चरण का सामाजिक अंकेक्षण में टीम लीडर रमेश कुमार केशरवानी, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष डॉ संतोष साहू, वरिष्ठ सदस्य रामाधार शर्मा एवं सरपंच सुरेश ध्रुर्वे सहित समस्त पालकगण की उपस्थिति में स्कूल के शिक्षा स्तर को जांचने 20 बिंदुओं पर प्रश्न प्रत्येक कक्षा के प्रत्येक विद्यार्थी से पूछकर अवलोकन किया और विद्यालय की गुणवत्ता को परखा इसके आधार पर विद्यालय की ग्रेडिंग किया जाएगा। उक्त अंकेक्षण के दौरान विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# विधायक ने 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का किया भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025 के उद्घाटन समारोह स्वामी करपात्री जी स्टेडियम कवर्धा में आयोजित किया गया, जिसके मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष ईश्वरी साहू अध्यक्ष जिला पंचायत, विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र चन्द्रवंशी अध्यक्ष जिला भाजपा, विदेशीराम धुर्वे, संतोष पटेल ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया गया। इस प्रतियोगिता में 05 खेल क्षेत्रों (बस्तर, बिलासपुर, दुर्ग, रायपुर, सरगुजा) के 220 बालक, 220 बालिका कुल 440 खिलाड़ी एवं 150 आफिसियल्स कुल लगभग 590 सम्मिलित हुए। 10 से 13 अक्टूबर तक आयोजित इस प्रतियोगिता में व्हॉलीबॉल बालक-



बालिका 17 वर्ष, साफ्टबॉल बालक-बालिका 17 वर्ष एवं हैण्डबॉल बालक-बालिका 19 वर्ष की खेल प्रतियोगिताएं संपन्न होगी। कलेक्टर के मार्गदर्शन में विभिन्न खेल क्षेत्रों के लिए शासकीय एवं निजी विद्यालयों में आवास व्यवस्था, परिवहन व्यवस्था चिकित्सा व्यवस्था एवं पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। कलेक्टर गोपाल वर्मा द्वारा 05 जोन के बच्चों को खेल के प्रति उनके मेहनत की सराहना के साथ स्वागत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। बालकों के लिए आवास व्यवस्था, स्वामी करपात्री जी विद्यालय, स्वामी विवेकानंद हाईस्कूल, सत्तीवार्ड हाईस्कूल, शासकीय प्रमुख प्राथमिक शाला एवं शासकीय हाईस्कूल कैलाश नगर कवर्धा में तथा इसी प्रकार बालिकाओं के लिए सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कवर्धा, स्वामी आत्मानंद रानी दुर्गावती चौक, होलीक्रॉस स्कूल कवर्धा एवं अधिकारी-कर्मचारियों के लिए जिला ग्रंथालय कवर्धा में आवास व्यवस्था निर्धारित की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी एवं सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी, कबीरधाम के निर्देशन में सभी व्यायाम शिक्षक उक्त प्रतियोगिता के सफल संचालन में अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं।

## सर्दी, गर्मी व बरसात में सड़क किनारे बसों का इंतजार करने मजबूर

# यात्री प्रतीक्षालय के अभाव में छात्र-छात्राएं व राहगीर परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

जिला मुख्यालय से लेकर कवर्धा-बिलासपुर-जबलपुर मार्ग पर सड़क किनारे तथा रवेली मार्ग सड़क किनारे पर एक भी यात्री स्टॉपेज तथा यात्री प्रतीक्षालय नहीं होने के कारण से बारिश और गर्मी के समय पर स्कूली बच्चों तथा ग्रामीणों को ठहरने की कोई सुविधा नहीं मिल रहा है। बताया जाता है कि गर्मी के समय पर धूप में सड़क किनारे स्कूली बच्चे और ग्रामीण बुजुर्गो बसो का इंतजार करते हैं और वही बारिश व बरसात के समय में बारिश होने पर सड़क किनारे बसो का इंतजार करते रहते हैं, जिसे यात्रियों को भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ता है। एक तरफ गर्मी से पसीना बहाते रहते हैं वहीं दूसरे तरफ बारिश के दौरान गरज चमक का खतरा का सामना करना पड़ता है, जिस पर क्षेत्र के जिम्मेदारों व विभागीय अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों को इस ओर ध्यान देने तथा कवर्धा- बिलासपुर नेशनल मार्ग और रवेली मार्ग पर सड़क किनारे चौक-चौराहे पर यात्रियों के लिए यात्री प्रतीक्षालय तथा ठहरने के लिए स्टॉपेज का निर्माण कर दिया जाए तो बरसात की समय और गर्मी के समय पर स्कूली बच्चों और ग्रामीणों को बड़ी राहत मिल सकती है।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### गांव में कराया गया तालाब गहरीकरण

**कवर्धा।** ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षा जल को संजोय रखने के लिए डबरी, कूप, तालाबों का निर्माण बड़े पैमाने पर किया जाता है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से तालाब गहरीकरण कर जल समस्या का स्थायी समाधान किया जा रहा है। विकासखण्ड बोड़ला का बैगा बाहूल्य ग्राम पंचायत दुर्जनपुर का आश्रित मोहल्ला इन्द्रिपानी विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा बाहुल्य बस्ती है, यहां पानी की गंभीर समस्या के कारण तालाब गहरीकरण का कार्य कराया गया।

# अवैध अतिक्रमणकारियों के खिलाफ नगर पालिका प्रशासन ने की सख्त कार्रवाई

- कवर्धा नगर की शासकीय जमीन से अवैध कब्जा हटाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

नगर पालिका परिषद कवर्धा ने आज बड़ी कार्यवाही करते हुए शासकीय भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाया गया। एक कब्जाधारी ने बिना अनुमति बिल्डिंग तैयार कर ली थी, जबकि दूसरे ने टीन शेड का ढांचा खड़ा कर कब्जा कर लिया था।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद कवर्धा ने कब्जा हटाने हेतु 12 सदस्यीय टीम का गठन किया गया था गठित टीम ने मौके पर पहुंचकर बुलडोजर चलवाया और जमीन को अतिक्रमणमुक्त कराया गया। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि भविष्य में किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एक व्यक्ति ने शासकीय भूमि पर अवैध रूप से बिल्डिंग तैयार कर ली थी, जबकि दूसरे व्यक्ति ने टीन शेड का अस्थायी स्ट्रक्चर खड़ा कर कब्जा जमा लिया था। दोनों ही अतिक्रमणकारियों ने किसी प्रकार की वैधानिक अनुमति नहीं ली गई थी जबकि उक्त भूमि नगर पालिका की स्वामित्तव की है। नगर पालिका के अधिकारियों ने बताया कि यह जमीन नगर पालिका की संपत्ति है जिसे अवैध रूप से घेरकर कब्जा किया गया था। लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर जांच की गई और आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं करने की हिदायत दिया गया है। प्रायः देखा जा रहा है कि लोगों द्वारा नाली के उपर अतिक्रमण कर अपना दुकान संचालन किया जा रहा है जिससे साफ-सफाई किये जाने में भी अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है जिसके लिए अब नगर पालिका द्वारा नाली के उपर या शासकीय भूमि में किये अतिक्रमणकारियों को हटाने हेतु लगातार अभियान चलाया जायेगा।



### नगर पालिका की राजस्व टीम ने की कार्यवाही

मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने अतिक्रमण हटाये जाने हेतु 12 सदस्यीय दल का गठन किया गया था दल को बताया गया था कि वार्ड क्रं. 23 इंदिरा शॉपिंग काम्पलेक्स के पीछे अतिक्रमण/अवैध निर्माण दो व्यक्तियों द्वारा किया गया है जिसे हटाये जाने हेतु उपअभियंता के साथ-साथ राजस्व टीम, सफाई टीम को शामिल किया जाकर सुबह 11 बजे कार्यवाही की शुरूवात किया गया। जिसमें शासकीय भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाया गया। यह कार्यवाही नगर पालिका की टीम द्वारा राजस्व विभाग और पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में की गई। नगर पालिका परिषद ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने से बचें और नगर की व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

**अनदेखी:** लगातार की शिकवा शिकायत के बाद भी मूकदर्शक बना बैठा है प्रशासन

# सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर ग्रामीणों ने एनएच किया जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के ग्राम दशरंगपुर के ग्रामीणों ने शुक्रवार गांव की शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर गांव से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे कवर्धा-रायपुर मार्ग में चक्काजाम कर जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों के इस विरोध प्रदर्शन और चक्काजाम के चलते चौबिसों घंटे आमदरफ्त वाला नेशनल हाईवे घंटो जाम रहा और मार्ग के दोनो ओर वाहनो की लम्बे कतारे लग गई। जिसके चलते वाहन चालकों और विशेषकर यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि घंटो बाद प्रशासन की समझाईश और आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए चक्काजाम समाप्त कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव की शासकीय भूमि पर संजय वैष्णव नामक व्यक्ति ने कब्जा कर रास्ता रोक दिया है।

इससे किसानों और आम लोगों के लिए आवागमन मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि इसी भूमि पर पुलिया और सड़क निर्माण का प्रस्ताव है, लेकिन अतिक्रमण के कारण कार्य शुरू नहीं हो पा रहा। जिसके संबंध में कई बार ग्राम पंचायत और जिला प्रशासन को लिखित शिकायत की जा चुकी है। लेकिन आज पर्यंत तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। प्रशासन की इसी निष्क्रियता 30 में चक्काजाम कर दिया। ग्रामीणों के इस प्रदर्शन को देखते हुए मौके पर पहुंची पुलिस ने अधिकारियों ने ग्रामीणों से बातचीत कर समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण अपनी मांगों पर आश्वासन के बाद आखिरकार ग्रामीणों ने जाम समाप्त किया।



### प्रशासन की नाकामी का दंश

इसे प्रशासन की नाकामी व अनदेखी ही कहें की ग्रामीणों द्वारा शासकीय भूमि पर कब्जे और इसके कारण स्वीकृत शासकीय विकास कार्यों के बाधित होने की लिखित किए जाने के बाद भी अतिक्रमणकारी के खिलाफ अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। जिसके चलते आज ग्रामीणों को चक्काजाम करना पड़ा और इसका खामियाजा हजारों लोगों को भुगतना पड़ा। बताया जाता है कि ग्रामीणों के इस प्रदर्शन के चलते नेशनल हाईवे घंटो जाम रहा जिससे लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ी।

### आत्मदाह का प्रयास

बताया जाता है कि शासकीय भूमि पर बेजा कब्जा को लेकर स्थानीय ग्रामीण इतने आक्रोशित थे की उन्होने प्रदर्शन के दौरान अपने ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आत्मदाह करने का भी प्रयास किया। हालांकि प्रशासन ने उन्हें रोक दिया।

### ग्रामीणों ने कार्यवाही नहीं किए जाने की स्थिति में दी बड़े आंदोलन की चेतावनी

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही शासकीय भूमि से अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो वे बड़ा आंदोलन करने बाध्य होंगे और प्रशासन को इसकी पूरी जिम्मेदारी उठानी होगी। फिलहाल प्रशासन ने जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। अब देखने वाली बात होगी कि प्रशासन ग्रामीणों की मांग के अनुरूप शासकीय भूमि से बेजा कब्जा हटाकर वास्तव में कार्यवाही करता है या फिर यह आश्वासन ही रह जाता है।



# अज्ञात आरोपियों ने सांड का काटा पैर, पशुक्रूरता से हिन्दू संगठनो में आक्रोश

- अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर कार्यवाही की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के रेंगाखार गांव में पशुक्रूरता का मामला सामने आया है। जहां अज्ञात लोगों ने एक सांड पर किसी धारदार हथियार से हमला कर दिया। इस हमले में सांड गंभीर रूप से घायल होकर लहुलुहान हो गया है।

इस घटना की जानकारी के बाद हिन्दू संगठनो में काफी रोष व्याप्त है और उन्होने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रेंगाखार में एक आवारा सांड विचरण करता है। जिस पर किसी अज्ञात लोगों ने धारदार हथियार से हमला कर उसका पिछला एक पैर काट दिया है।

घटना के बाद दर्द से पीड़ित सांड लहुलुहान अवस्था में गांव में विवरण कर रहा है। ऐसी आशंका व्यक्त की जा रही है आवारा मवेशियों द्वारा धान की फसल को नुकसान पहुंचाने के कारण सांड का पैर काट दिया गया है ताकि वह चलने फिरने में असमर्थ हो जाए और धान के खेतों तक न पहुंच पाए। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद हिन्दू संगठनो में भारी आक्रोश देखा जा रहा है और उन्होने पुलिस प्रशासन से अज्ञात आरोपियों की पतासाजी कर उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही की मांग की है।

# टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि डीईओ व बीईओ से मिले



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी एफ. आर. वर्मा एवं विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी संजय दुबे से मुलाकात कर शिक्षकों के स्थानीय समस्याओं उच्च परीक्षा अनुमति, परिवीक्षा अवधि समाप्ति, सीजी जीपीएफ पासबुक संधारण, प्राथमिक प्रधान पाठक में पदोन्नति, क्रमोन्नति व समयमान वेतनमान के आवेदन पर निर्णय के संबंध में विस्तार से चर्चा कर निराकरण की मांग रखा। चर्चा के दौरान डीईओ ने आश्वस्त किया कि उच्च परीक्षा अनुमति व परिवीक्षा अवधि समाप्ति आदेश एक सप्ताह में जारी किया जाएगा। प्राथमिक प्रधान पाठक के रिक्त पदों की गणना कर पदोन्नति प्रक्रिया शीघ्र प्रारम्भ किया जाएगा। सीपीएफ पासबुक संधारण सहित अन्य समस्याओं के निराकरण के लिए बीईओ व डीडीओ प्राचार्य को निराकरण का निर्देश दिया जाएगा। कवर्धा के नवपदस्थ बीईओ संजय दुबे से प्रथम मुलाकात में स्वागत पश्चात शिक्षकों के सेवापुस्तिका संधारण व सत्यापन, इन्क्रीमेंट व पदोन्नति से संबंधित अंतर राशि के संबंध में चर्चा किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, गोकुल जायसवाल, उमेश चन्द्रवंशी, दिलीप धुर्वे, राजकिरण चन्द्रवंशी, विजय पाण्डे, शिव धुर्वे, राजेन्द्र निर्मलकर, नरेंद्र चंद्रोल, प्रकाश केशरवानी, रामसिंह साहू, राजकुमार चौरिया आदि उपस्थित थे।

# रजत जयंती पर योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित, जिला स्तरीय अधिकारियों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शासकीय आयुष पॉलीक्लिनिक कबीरधाम में आज रजत जयंती के अवसर पर प्रातः 7 बजे से 9 बजे तक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन एवं जिला आयुष विभाग के संयोजन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में जिला स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी, चिकित्सकगण तथा स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक प्रार्थना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात योग प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान क्रियाओं का अभ्यास कराया। प्रतिभागियों ने सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, भुजंगासन, वज्रासन, शवासन जैसे आसनों का अभ्यास कर तन-मन को स्वस्थ रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर बताए कि योग हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है। यह केवल व्यायाम नहीं, बल्कि मानसिक शांति, शारीरिक स्फूर्ति और आत्मिक संतुलन का माध्यम है। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से नियमित रूप से योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आग्रह किया। आयुष विभाग के अधिकारियों ने बताया कि रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में ऐसे योग एवं स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। इसका उद्देश्य लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और आयुष प्रणाली के प्रति विश्वास बढ़ाना है। कार्यक्रम में जिला आयुष अधिकारी, वरिष्ठ चिकित्सक, आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक चिकित्सक, योग प्रशिक्षक सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# युवा मोर्चा के कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़: टीकरिहा

### कवर्धा पहुंचे प्रदेश भाजयुमो अध्यक्ष राहुल योगराज टीकरिहा का भव्य स्वागत



- जिला भाजयुमो के कार्यकर्ताओं में दिखा भारी उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रदेश भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टीकरिहा का गुरुवार को प्रथम बार कवर्धा आगमन हुआ। उनके स्वागत के लिए भाजयुमो कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। जिला भाजयुमो अध्यक्ष मनीराम साहू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया। पूरे शहर में स्वागत का माहौल उत्सव में तब्दील हो गया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार की दोपहर लगभग 3 बजे कवर्धा-रायपुर मार्ग स्थित महिन्द्रा शो-रूम के पास कार्यकर्ता बड़ी संख्या में एकत्र हुए। जिलाध्यक्ष मनीराम साहू, सचिन गुप्ता, योगेश चंद्रवंशी महामंत्री भाजयुमो सहित सैकड़ों युवा कार्यकर्ताओं ने गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़े, फूल-मालाओं और आतिशबाजी के साथ प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टीकरिहा का शानदार स्वागत किया। उनके स्वागत में भाजयुमो जिंदाबाद, राहुल टीकरिहा जिंदा बाद जैसे नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। स्वागत कार्यक्रम के पश्चात मोटरसाइकिल रैली के रूप में युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष के काफिले को नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए जिला भाजपा कार्यालय तक पहुंचाया। रैली के दौरान युवाओं में भारी उत्साह देखने को मिला।

**व्रत को लेकर नवविवाहिताओं में दिखा खासा उत्साह, बाजार में दिखी भारी चहलकदमी**

# निर्जला व्रत रखकर सुहागिनों ने की पति के लिए मंगलकामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा।

करवा चौथ के मौके पर शुक्रवार को सुहागिनों ने निर्जला व्रत रखकर अपने पति की दीर्घायु और स्वास्थ्य की मंगल कामना की। दिनभर व्रत रखने के बाद इन सुहागिनों ने रात में चंद्र दर्शन कर विधि विधान से पूजा की और अपने पति के हांथ से पानी पीकर व्रत खोला। करवा चौथ को लेकर विवाहिताओं में खासा उत्साह देखा गया। खासकर उन सुहागिनो का पूछना ही क्या था जिन्होंने विवाह के बाद पहली मर्तवा करवा चौक का व्रत रखा था। मुख्य रूप से पति की दीर्घायु व स्वास्थ्य पर आधारित करवा चौथ को लेकर शुक्रवार की सुबह से ही सुहागिनें व्रत की तैयारियों में जुट गई थी। विवाहित महिलाएं, स्नान, ध्यान व श्रृंगार कर पतियों के साथ शिवालयों व दूसरे मंदिरों में गई जहां उन्होंने विधिवत पूजा पाठ कर, निर्जला व्रत प्रारंभ किया।



दिनभर सुहागिनों ने व्रत के नियमों का पालन करते हुए जल भी ग्रहण नहीं किया। व्रत रखने वाली महिलाओं ने अपने पतियों को काम धाम में जाने से पहले उन्हें चन्द्र दर्शन तक घर लौट आने की मनुहार भी की। हिन्दू धर्म शास्त्र में मान्यता है कि, व्रती सुहागिनों को चन्द्रमा और यथा सम्भव पति के दर्शन के पश्चात ही करवाचौथ का व्रत त्यागना चाहिए। सुहागिनें शाम होते ही चांद निकलने और पतियों के घर लौट आने की प्रतीक्षा करती रही। मौसम साफ होने और पति के सही समय पर घर लौटने के बाद महिलाओं ने चलनी की ओट से पहले चन्द्रमा के फिर अपने पति के दर्शन किए। तत्पश्चात तुलसी चौरा पर भगवान गौरी गणेश की पूजा अर्चना की तथा पति के हांथों पानी की पीकर व्रत खोला। काम काज के चलते जिन सुहागिनों के पति देर रात तक नहीं लौट पाए उन्हें काफी कठनाईयों का भी सामना करना पड़ा। करवा चौथ को लेकर नवविवाहिताएं काफी उत्साहित थी और उन्होंने घर की सास, जेठानी व दूसरी सयानी महिलाओं से नेग धर्म पूछकर, करवा चौथ का निर्जला व्रत रखा तथा पति की दीर्घायु और स्वास्थ्य की मंगल कामना की। कुल मिलाकर करवा चौथ के मौके पर विवाहित महिलाओं में खासा उल्लास देखा गया।

